# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों के नतीजे घोषित

# क्रॉस वोटिंग में फंस गई MVA की गाड़ी

नितिन तोरस्कर | मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में महाविकास आघाडी (MVA) को झटका लगा है। कांग्रेस के करीब आधा दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। इसके चलते महायुति के सभी नौ कैंडिडेट आसानी से चुनाव जीत गए। तो वहीं दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी को सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस की प्रज्ञा राजीव सातव जीतीं तो वहीं उद्धव ढाकरे के कैंडिडेट मिलिंग नार्वेकर की जीत फंस गई। उन्हें 22 वोट मिले, हालांकि में उनहें बाद में विजयी घोषित किया गया। विधानसभा के संख्या बल को देखते हुए हर कैंडिडेट को 23 वोट चाहिए थे, लेकिन उन्हें 22 वोट मिले। एमवीए के तीसरे कैंडिडेट जयंत पाटिल को 12 वोट मिल पाए। आयोग द्वारा चुनावों के ऐलान होने पर महायुति (बीजेपी, शिवसेना, एनसीपी) से क्रॉस वोटिंग होने का दावा किया गया था


### एडीए के सभी उम्मीदवार जीते

विधानसभा परिषद चुनावों में बीजेपी के अगुवाई वाले महायुति ने नौ कैंडिडेट उतारे थे। चुनाव में सभी जीत गए। महाविकास आघाडी को दो सीटों पर संतोष करना पड़ा है। आघाडी की तरफ से कुल तीन कैंडिडेट मैदान में उतारे गए थे। इसमें शेकाप के नेता जयंत पाटिल को सिर्फ 12 वोट मिले, जबकि उतार ढाकरे की तरफ से उतारे गए मिलिंद नार्वेकर को 22 वोट मिले। चुनावों में मिलिंद नार्वेकर 12 वें कैंडिडेट थे। हर एक कैंडिडेट को जीत के लिए 23 वोटों की जरूरत थी। विधान परिषद चुनाव के नतीजों के बाद जो जानकारी समाने आई है। उसके अनुसार अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने कांग्रेस के 5 वोट तोड़े हैं। अजित पवार गुट के पास 42 वोट थे, लेकिन अजित पवार गुट को 47 वोट मिले हैं।

### कुल 12 कैंडिडेट थे मैदान में

महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव में शुक्रवार को सभी 274 विधायकों ने मतदान किया था। राज्य विधानमंडल के ऊपरी सदन की 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में थे। वोटिंग के लिए निर्धारित चार बजे के समय तक सभी 274 सदस्यों ने वोट डाले। जेल में बंद भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ अदालत से अनुमति मिलने के बाद अपना वोट डालने विधान भवन पहुंचे थे। विपक्षी दलों – कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने गायकवाड़ को वोट देने की अनुमति दिए जाने पर आपत्ति जताई थी। कांग्रेस पार्टी के पत्र पर कार्रवाई करते हुए चुनाव अधिकारी ने महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी से जवाब मांगा था।

## कांग्रेस के इस खेल में फंस गए शरद पवार! हार गए जयंत पाटिल



महाराष्ट्र के विधानपरिषद (MLC) चुनाव में शरद पवार के साथ बड़ा खेल हो गया है। शरद पवार के समर्थित उम्मीदवार जयंत पाटिल चुनाव हार गए हैं। पहले से आशंका थी कि क्रॉस वोटिंग से किसी न किस का खेल बिगड़ सकता है। अब जब नतीजे आए हैं तो सबसे बड़ा झटका शरद पवार को लगा है। सीनियर पवार को यह झटका कोई और नहीं, बल्कि उनके पुराने सहयोगी कांग्रेस ने दिया है।

### कांग्रेस ने अपने पक्ष में 25 वोट कराए

कांग्रेस के पास विधानसभा में कुल 37 वोट थे और उसे जीतने के लिए सिर्फ 23 वोटों की जरूरत थी। इसके बावजूद कांग्रेस ने सेफ साइड खेला। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार प्रज्ञा सातव के पक्ष में 25 विधायकों से वोट कराए। 25 वोटों की वजह से कांग्रेस की प्रज्ञा सातव आसानी से चुनाव जीत गईं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पिछली बार उसके उम्मीदवार एक चंद्रकांत हंडोरे काफी क्लोज फाइट में चुनाव हार गए थे, इसलिए पार्टी ने इस बार कोई रिस्क नहीं लिया है।

### बाकी विधायकों की नहीं ली खोज-खबर

कांग्रेस ने प्रज्ञा सातव के लिए अलॉट 25 विधायकों को छोड़कर बाकी विधायकों की कोई खोज-खबर नहीं ली। उन्हें न तो किसी के साथ अटैच किया और न ही उनके लिए सख्ती से वोट देने के लिए निर्देश जारी किए। मतदान के दौरान कांग्रेस के 7-8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी है। सूत्रों के मुताबिक अभी तक सिर्फ एक विधायक जीशान सिद्दीकी की पहचान की गई है। हाल ही में जीशान ने कांग्रेस छोड़कर एनसीपी (अजित) का दामन थाम लिया था।

### सपा और छोटी पार्टियों के वोट उद्धव को मिले

कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी और अन्य छोटी पार्टियों के वोट शिवसेना को मिले हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक प्रथम वरीयता में शिवसेना (यूबीटी) के मिलिंद नार्वेकर को 22 वोट मिले हैं, जबकि उसके पास सिर्फ 17 वोट ही थे। सपा के 2 और अन्य छोटी पार्टियों के 3 वोट उद्धव को ही मिले है। शरद पवार के उम्मीदवार जयंत पाटिल को सिर्फ 12 वोट मिले हैं। ये सभी विधायक पहले से ही शरद पवार के साथ थे।



### अजित के समर्थन में क्रॉस वोटिंग?

महाराष्ट्र के विधानपरिषद चुनाव में इस बार अजित पवार ने खेल कर दिया है। बीजेपी ने चुनाव में 4 उम्मीदवार उतारे थे और उसके पास अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए निर्दलीय के साथ प्रयाप्त वोट थे। इसी तरह शिंदे के पास भी अपने 2 उम्मीदवारों को जिताने के लिए उपलब्ध वोट थे। अजित के पास 42 वोट ही थे और उसे कुल 46 चाहिए थे। चुनाव आयोग के मुताबिक अजित के 2 उम्मीदवारों को कुल 47 वोट मिले हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के 5 विधायकों की क्रॉस वोटिंग अजित गुट के पक्ष में हुई है।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### जून में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08% हुई

**नई दिल्ली।** जून में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.08% पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। अप्रैल में महंगाई 4.85% रही थी। वहीं एक महीने पहले मई में महंगाई 4.75% रही थी। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस ने शुक्रवार, 12 जुलाई को ये आंकड़े जारी किए। खाने-पीने का सामान महंगा होने से महंगाई बढ़ी है। खाद्य महंगाई दर 8.69 से बढ़कर 9.36% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 4.21% से बढ़कर 4.39% पर आ गई है। ग्रामीण महंगाई दर भी 5.34% से बढ़कर 5.66% पर पहुंच गई है।

### आलोक कुमार बनाए गए गोवा के नए डीजीपी

**पणजी।** वरिष्ठ आईपीएस और तेज तर्रार अधिकारी आलोक कुमार गोवा के नए डीजीपी बनाए गए हैं। अभी तक आलोक कुमार सीआईएसएफ में आईजी थे। शुक्रवार को गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक आलोक कुमार गोवा में (अपने ही बैच 1996 के) आईपीएस अधिकारी जसपाल सिंह की जगह पर ज्वाइन करेंगे। आलोक कुमार ने बताया कि उनकी प्राथमिकता में बेहतर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था सबसे पहले है। जल्द ही आलोक कुमार गोवा में नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले आलोक कुमार दिल्ली पुलिस में जॉइंट कमिश्नर क्राइम और स्पेशल कमिश्नर भी रह चुके हैं।

# विवाद, जांच, कमेटी और एक्शन

## विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा को किया जा सकता है बर्खास्त

धीरज सिंह | नई दिल्ली/मुंबई

विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। एक सूत्र ने कहा, यदि अधिकारी दोषी पाई जाती हैं तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है। यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।



### जांच समिति को दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश

सूत्रों ने कहा कि डीओपीटी में अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी की एकल सदस्यीय जांच समिति को दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। 34 वर्षीय खेडकर पर सिविल सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इस बीच, खेडकर ने गुरुवार को विदर्भ क्षेत्र में वाशिम जिला कलेक्ट्रेट में सहायक कलेक्टर के रूप में अपनी नई भूमिका संभाली। उनका तबादला पुणे से किया गया था, जहां उन्होंने लोगों पर कथित तौर पर धमकाने और अपनी निजी ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती भी लगाई थी। पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने खेडकर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दिवासे ने कनिष्ठ कर्मचारियों के साथ कथित आक्रामक व्यवहार, अतिरिक्त कलेक्टर अजय मोरे के चैंबर पर अवैध कब्जा, ऑडी पर लाल बत्ती लगाने और दिन के समय इसे लगाकर चलने से संबंधित उल्लंघनों सहित कई अन्य आरोप लगाए थे।

### लाल बत्ती लगी ऑडी कार के स्वामित्व वाली कंपनी को नोटिस

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने पुणे स्थित उस निजी कंपनी को नोटिस जारी किया है, जिसके नाम पर वह ऑडी कार पंजीकृत है जिसका इस्तेमाल पूजा खेडकर अपनी तैनाती के दौरान करती थी।

### चोरी के आरोपी की रिहाई के लिए दबाव बनाया था

इससे पहले नवी मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी. इस रिपोर्ट में कहा गया था कि विवादास्पद प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर ने एक डीसीपी रैंक के अधिकारी पर चोरी आरोपी को रिहा करने का दबाव बनाने की कोशिश की थी। हालांकि पुलिस ने उस कॉल को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की थी। एजेंसी के अनुसार, यह मामला 18 मई को पनवेल पुलिस स्टेशन का है। यहां पूजा खेडकर ने कथित तौर पर पुलिस उपायुक्त विवेक पानसरे को कॉल किया और उनसे चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए ट्रांसपोर्टर ईश्वर उत्तरवाड़े को छोड़ देने की बात कही। पुलिस के अनुसार, खेडकर ने डीसीपी से स्पष्ट कहा कि उत्तरवाड़े निर्दोष है और उसके खिलाफ आरोप मामूली हैं. पूजा खेडकर ने पानसरे को कॉल पर अपना इंट्रोडक्शन दिया था, लेकिन डीसीपी को यकीन नहीं हुआ कि कॉल किसी आईएएस अधिकारी ने किया है या कोई झूठ बोल रहा है. पुलिस ने इस कॉल पर कोई कार्रवाई नहीं की। चोरी का आरोपी उत्तरवाडे अभी न्यायिक हिरासत में है.

**RSS मानहानि मामला**

# राहुल गांधी को राहत



## बॉम्बे HC ने भिवंडी कोर्ट के आदेश को किया रद्द

**दीपक पवार/मुंबई।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के एक कार्यकर्ता द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में सबूत के तौर पर कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को अनुमति दी गई थी।

**राहुल की याचिका पर आदेश पारित :** न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने राहुल की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को तय समय के बाद भी कुछ दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी थी।

### याचिका में की गई थी ये मांग

बीते तीन जून को ठाणे स्थित भिवंडी मजिस्ट्रेट अदालत ने आरएसएस कार्यकर्ता द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को रिकॉर्ड में लिया था। मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित मानहानिकारक भाषण की प्रतिलिपि को साक्ष्य के रूप में स्वीकार कर लिया था, जिसके आधार पर मानहानि का मामला दायर किया गया था। गांधी ने इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि मजिस्ट्रेट का आदेश, कुंटे द्वारा दायर एक अन्य याचिका में उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश का उल्लंघन है।

### कुंटे की याचिका पहले हो चुकी खारिज

बता दें कि 2021 में एकल न्यायाधीश न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे ने कुंटे द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें मांग की गई थी कि राहुल गांधी कथित अपमानजनक भाषण को या तो स्वीकार करें या अस्वीकार करें। न्यायमूर्ति डेरे ने तर्क दिया था कि किसी आरोपी व्यक्ति को उक्त याचिका के अनुलग्नकों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। गांधी ने वर्तमान याचिका में दावा किया है कि उच्च न्यायालय के 2021 के आदेश के बावजूद, मजिस्ट्रेट ने उन्हीं दस्तावेजों को रिकॉर्ड में ले लिया।

## 57 लाख दस्तावेज मिलने पर भी जारी नहीं किया कुनबी प्रमाण पत्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे मराठा आरक्षण को लेकर राज्य सरकार पर लगातार निशाना साध रहे हैं। अब जरांगे का कहना है कि महाराष्ट्र सरकार ने 57 लाख दस्तावेज मिलने के बाद भी कुनबी प्रमाण प्रत्र जारी नहीं किए। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पड़ोसी राज्य तेलंगाना में भी ऐसे पांच हजार दस्तावेज मिलने के बाद भी कुनबी समुदाय के लिए प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए। जरांगे के अनुसार राज्य सरकार मराठा सरकार को बांटने की साजिश रच रही है। जालना में एक रैली को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा कि जब तक मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण नहीं मिला, तब तक लड़ाई जारी रहेगी।

# स्कूलों के पास नहीं बिकेंगे अधिक कैफीन वाले एनर्जी ड्रिंक

## एफडीए मंत्री आत्राम ने किया ऐलान

मुनीब चौरसिया | मुंबई

आजकल के बच्चे और युवाओं रेस्तरां, होटल और फास्ट फुड खाने के शौकीन है। खाने के साथ-साथ उन्हें एनर्जी ड्रिंक पीना भी बेहत पसंद है। आपने टीवी पर एनर्जी ड्रिंक्स के विज्ञापन बहुत देखे होंगे। बड़े-बड़े कलाकार शाहरूख, सलमान से लेकर ऋतिक रोशन तक इन विज्ञापनों में दिखाई देते है और आपको एनर्जी और कूल होने के लिए पीने की सलाह देते है। स्कूलों और कॉलेजों के पास ऐसे दुकानों की भरमार रहती है। महाराष्ट्र में स्कूलों के पास लगे एनर्जी ड्रिंक बेचने वाले दुकानों और इसे खरीदकर पीने वाले छात्रों और युवाओं के ऐसे दुकानों के लिए बुरी खबर आने वाली है। महाराष्ट्र सरकार अब इस पर बैन लगाने की तैयारी कर है। विधान परिषद में बोलते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम ने कहा कि विभाग स्कूलों के पास एनर्जी ड्रिंक को लेकर एक आदेश जारी करेगा।



**प्रतिबंध लगाने का आदेश होगा जारी :** महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम ने शुक्रवार को राज्य विधान परिषद को बताया कि उनका विभाग राज्य में स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में उच्च 'कैफीन' वाले एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करेगा।

### सूची तैयार करने दिए निर्देश

उन्होंने राज्य विधानमंडल के उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय सदस्य सत्यजीत तांबे द्वारा उठाए गए एक सवाल के जवाब में यह आश्वासन दिया। आत्राम ने कहा कि ''एफडीए जल्द ही राज्य में स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में अधिक कैफीन वाले एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करेगा। वर्तमान नियमों के अनुसार एक लीटर कार्बोनेटेड या गैर कार्बोनेटेड पेय में 145 मिलीलीटर और 300 मिलीलीटर के बीच कैफीन की अनुमति है।" परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरे ने अत्राम को आदेश के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबंधित किए जाने वाले पेय पदार्थों की एक सूची तैयार करने और इसे राज्य भर में एफडीए अधिकारियों को प्रसारित करने का निर्देश दिया।




FARNAZ

# महिला के साथ एक बुजुर्ग सहित तीन लोगों ने किया दुष्कर्म

## पहाड़ी से धक्का देकर मारने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

30 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म कर उसे पहाड़ी से धक्का देकर जान से मारने के आरोप में एक बुजुर्ग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे में स्थित मंदिर दर्शन के लिए गई महिला के साथ यह घटना हुई है।

### केस डायरी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला 6 जुलाई को मंदिर गई थी और तीन दिन बाद उसका शव पहाड़ी पर मिला। शिल-डायघर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी तीनों की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी 45 वर्षीय संतोष मिश्रा, 54 वर्षीय राजकुमार पांडे और राजस्थान के कोटा निवासी 62 वर्षीय श्यामसुंदर शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त एस ई बरसे ने बताया कि अबतक की पूछताछ में पता चला कि 6 जुलाई को, पीड़िता अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ बहस के बाद गुस्से में नवी मुंबई में अपने घर से निकल गई और शिलफाटा इलाके में पहाड़ी के नीचे गणेश मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंची। चढ़ने से पहले, महिला पास के एक भोजनालय में गई, वहां उसने कुछ खाया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज में उसे मंदिर की सीढ़ियों की ओर जाते हुए दिखाया गया है, लेकिन वह वहाँ से नीचे उतरती हुई नहीं दिखाई दे रही है।' उन्होंने कहा कि जब वह पहाड़ी के ऊपर मंदिर में गई, तो तीनों आरोपी वहां पहले से ही मौजूद थे। इस बीच उसके ससुराल वालों और पति ने उसको तलाशा लेकिन वे उसे नहीं ढूंढ पाए। इसके बाद परिवार वालों ने पुलिस से संपर्क कर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि बाद में जांच के दौरान उन्हें पहाड़ी से एक महिला का शव मिला। महिला के परिवार ने शव की शिनाख्त की।

### तीनों आरोपियों ने अपराध कबूला

इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया, लेकिन तीनों ने शुरूआत में विरोधाभासी बयान दिए। डीसीपी बरसे ने कहा कि तीनों ने पूछताछ के बाद अपराध कबूल कर लिया। उन्होंने यह भी बताया, 'संदेह है कि उन्होंने उसे नशीली दवा के साथ कुछ पिलाया और फिर बारी-बारी से उसका शारीरिक शोषण किया। तीनों ने उसे बंधक भी बनाया और फिर सोमवार को उसे पहाड़ी से धक्का देकर मार डाला। हालांकि इन सभी बातों की पुष्टि नहीं हुई है, जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आरोपियों में से एक पुजारी की जगह आया था जो उत्तर प्रदेश गया था। उन्होंने बताया कि मृतका का ढाई साल का बच्चा भी है। उन्होंने कहा, 'आरोपियों ने महिला के साथ बलात्कार करने की बात कबूल कर ली है। उसके पोस्टमार्टम से भी इसकी पुष्टि हुई है।' आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

---

**विधार्थी आत्महत्या प्रकरण**

# टिटवाला पुलिस ने दर्ज किया मामला

- स्कूल संचालक एल्विन एंथोनी गिरफ्तार
- कोर्ट ने चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेजा



**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर के करीब निंबावली गांव में रहने वाले 16 वर्षीय छात्र अनीश दलवी ने अपने निवास पर आत्महत्या कर ली। इस मामले में टिटवाला पुलिस ने कल्याण के पास सेक्रेड हार्ट स्कूल संचालक एल्विन एंथोनी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### केस डायरी



मिली जानकारी के अनुसार, वरप गांव के एक नामचीन स्कूल सेक्रेड के ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाला 16 वर्षीय छात्र ने बुधवार को घर की टेरिस पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। टिटवाला पुलिस के अनुसार स्कूल के तीन छात्रों ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्त के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। जो वायरल हो गया,और उसकी चर्चा शुरू हो गई थी। जानकारी मिलने के बाद स्कूल प्रशासन ने तीनों छात्रों को केबिन में बुलाया .और स्कूल से निकालने की धमकी देते हुए छात्र की पिटाई की .परिजनों का कहना है कि स्कूल मैनेजमेंट ने शरारत की शिकायत को लेकर तीन में से दो छात्रों के अभिभावकों को स्कूल में बुलाया, लेकिन इस छात्र के घर वालों को नहीं बुलाया। टार्चर के बाद स्कूल से निकाले जाने की बात सुनकर छात्र घबरा गया और घर आने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। टिटवाला पुलिस ने इस मामले में स्कूल प्रशासन के संचालक एल्विन एंथोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने उसे चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस दौरान मृतक छात्र के परिजनों ने पुलिस के समक्ष हंगामा करने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट परिसर में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त किया गया था।

अनीश को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में ऑलविन एंथनी को शुक्रवार को कल्याण कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। इस मौके पर कल्याण कोर्ट में बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद थी।

---

## एनसीपी ने एमएलसी जीत पर मनाया जश्न



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

विधान परिषद चुनाव में एनसीपी पार्टी के दोनों उम्मीदवारों की जीत पर एनसीपी, ठाणे शहर (जिला) की ओर से जश्न मनाया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता ठाणे जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे, प्रदेश महासचिव एवं अल्पसंख्यक निरीक्षक नजीब मुल्ला, महिला जिला अध्यक्ष वनिताताई गोटपगार, युवा जिला अध्यक्ष वीरू वाघमारे, छात्र अध्यक्ष कौस्तुभ गायकवाड, अल्पसंख्यक अध्यक्ष हुसैन मनियार एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, महिलाएं, युवा, विद्यार्थी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य विधान परिषद चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस अजित समूह दोनों उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

# महिला से पौने 4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

## डेवलपर समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी ग्रामीण में फल फूल रहे गोदामों के कारण जहां ग्रामीण इलाकों की जमीनें सोने के भाव में हैं, वहीं इन जमीनों के लेनदेन में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी भी हो रही है, ऐसे ही एक मामले में डेवलपर द्वारा जमीन बेचने के मामला सामने आया है। एक महिला की जमीन बिना पैसे दिए साठ साल के लिए दूसरे व्यक्ति को देने के मामले में धोखाधड़ी करने का मामला शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आया है जहां डेवलपर समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुलुंड पश्चिम निवासी 60 वर्षीय आशा भोलाजी पाटिल के पास तालुका के मौजे सवाद में एंजेल स्पेस लाइफ स्टाइल परियोजना के बिल्डिंग बी में सर्वे नंबर 36/3, 36/5 और 39/29 में कुल 2230.48 वर्ग मीटर गैर-खेती योग्य भूमि है। डेवलपर महावीर जैन द्वारा भूमि एवं गोदाम निर्माण हेतु कुल 3 करोड़ 73 लाख 49 हजार 270 रूपये लिये गये एवं गोदाम निर्माण हेतु जारी पावर ऑफ अटार्नी का दुरुपयोग कर महावीर जैन ने सुरजीत सिंह सैनी, गुरूदीप सिंह सैनी, दलजीत सिंह सैनी को बेच दी। वह भी बिना जमीन मालिक को कोई नोटिस दिए । महिला को जमीन की रकम का भुगतान किए बिना इसमें फर्जी पेपर द्वारा दर्शाया गया है कि इन चारों लोगों ने आपस में मिलीभगत कर विक्रय पत्र तैयार कर उस पर महिला की फोटो लगायी और महिला के फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा लगा कर जमीन के लेन-देन के एवज में महिला को 70 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। लेकिन विक्रय पत्र में इसका भुगतान कैसे किया गया इसका कोई उल्लेख किए बिना, आरोपी महावीर जैन ने डिलीवरी रसीद पर हस्ताक्षर करके उक्त फर्जी दस्तावेज को उप-रजिस्ट्रार कार्यालय नंबर 1 में पंजीकृत कराया है। जिसमें कहा गया था कि पैसा महिला द्वारा प्राप्त किया गया था और धोखाधड़ी की गई। इस मामले में आशा भोलाजी पाटिल ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी।

## पत्नी ने सोते हुए पति पर डाला गर्म तेल

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने सोते समय पति के शरीर पर गर्म तेल डालकर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार रहमान अख्तर अली अंसारी और सिरिन रहमान अंसारी पति-पत्नी हैं। ये दोनों शहर के गायत्री नगर इलाके में रहते हैं। दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से किराया का घर छोड़ने को लेकर विवाद चल रहा था। उनके बीच लगातार झगड़ा होता रहता था। उसी गुस्से को दिल में दबाए पत्नी सिरिन ने घर में सोए हुए अपने पति पर चूल्हे पर गर्म तेल उसपर छिड़क दिया। वहीं चूल्हे पर गर्म किया गया तेल पति के शरीर पर गिरने से उसका चेहरा, पीठ और पेट जल गया है। पति रहमान की शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्यायिक संहिता की धारा 118 (2) के तहत पत्नी सिरिन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## लाडली बहन योजना ऑफलाइन किए जाने की मांग

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

मुख्यमंत्री महाराष्ट्र राज्य और महिला बाल विकास समिति उल्हासनगर, अंबरनाथ, कल्याण के सम्बंधित विभागों को लाडली बहन योजना का लाभ विधानसभा चुनाव से पहले ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक पहुंचे। इसके लिए लाडकी बहिण योजना ऑफलाइन फार्म भी किया जाने का निवेदन राजनीतिक दलों, सामाजिक संघटनो ने तहसीलदार को दिया।

### महिलाओं को हो रही है समस्या

ऑनलाईन होने के कारण महिलाओं को समस्या हो रही है वह फार्म भरने में सक्षम नहीं हैं उनके लिए आवेदन भरने की सुविधा आंगनवाड़ी केंद्र/ बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों (सिविल/ग्रामीण/ जनजातीय)/में उपलब्ध रहेगी। ग्राम पंचायत/वार्ड/सेतु सुविधा केंद्र दिया जाए। यह व्यवस्था इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आवेदन भरते समय महिला का वहां मौजूद रहना अनिवार्य है। एप्लिकेशन के माध्यम से एक दिन में 10 या 12 सबमिशन हो रहे है। मोबाइल से सिर्फ 15 फॉर्म भरे जा सकते हैं, लाखों महिलाओं के फॉर्म कैसे भरें, योजना लाभ के लिए ऑनलाइन आवेदन, लाभार्थियों का आधार कार्ड, महाराष्ट्र राज्य का निवास प्रमाण पत्र / महाराष्ट्र राज्य का जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी



द्वारा जारी परिवार के मुखिया का आय प्रमाण पत्र साइज फोटो, राशन कार्ड और योजना के नियम व शर्तों का पालन करने का शपथ पत्र साथ में होना चाहिए, लेकिन 50 से 65 वर्ष की महिलाओं के पास ये संपूर्ण दस्तावेज नहीं हो सकते हैं, यदि वास्तव में योजना सफल करनी है तो जो पात्र महिलाएं है उनके फॉर्म ऑनलाइन नहीं लेकर ऑफलाइन फॉर्म लेने की मांग का निवेदन पत्र तहसीलदार को सौपा। इस मौके पर राष्ट्र कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश तिवारी, आनंदा होवाळ मीशन जय भारत, प्रहार जनशक्ति एडवोकेट स्वप्निल पाटिल, धनंजय मिश्रा, पियुष वाघेला, राजा गायकवाड़, राजु पाल, शशिकांत दायमा, सोहम फाउंडेशन राजेंद्र देठे, श्रीमती बबिता सिंह, मीरा सपकाळे, द समर्पण फाउंडेशन भानु पाल, कविता थोरात सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# कार रोकने के लिए कहने पर मारपीट

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर के झेंडा नाका से केशरबाग रोड पर कार लेकर जा रहे एक व्यक्ति ने दुपहिया वाहन चालक को रुकने के लिए कहा, जिससे नाराज होकर दुपहिया चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार में सवार युवकों की मुक्कों से पिटाई कर दी। साथ ही पथराव कर कार का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया।

### तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के भोईवाड़ा इलाके में रहने वाले हेमंत जगननाथ मुरकुटे और उसका दोस्त प्रथमेश यशवंत मुरकुटे, जयेश विजय मुरकुटे, सचिन रमेश भोई रात का खाना खाने के बाद झेंडा नाका से केशरबाग होते हुए अपने घर के लिए जा रहे थे। जब उनकी स्कोडा कार केशरबाग रोड पर मोती महल मस्जिद के पास पहुंची तो एक दोपहिया वाहन उनके बीच आ गया। कार चालक जयेश मुरकुटे ने दुपहिया वाहन चालक को रुकने को कहा इसी बात पर क्रोधित हो कर दुपहिया वाहन चालक ने दूसरी तरफ बैठे प्रथमेश को कॉलर से पकड़ लिया और कार से बाहर निकालकर मुक्कों से मारना शुरू कर दिया, जबकि उसका साथी उसे गालियां देने लगा। इसी दौरान पत्थर उठाकर कार के कांच पर भी हमला किया गया जिस से कार का कांच क्षतिग्रस्त हो गया।

### कार क्षतिग्रस्त करने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

मारपीट और कार क्षतिग्रस्त होने पर हेमंत मिरकुटे ने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस बीच इस घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने अलग-अलग इलाकों से तीन लोगों अब्दुल रेहमान शराकत हुसैन अन्सारी ,अदनान अर्शद खान व शानिफ मुख्तार अन्सारी को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी पुलिस उप-निरीक्षक नरेंद्र सोनवणे ने जानकारी देते हुए बताया कि झगड़ा मामूली विवाद को लेकर शुरू हुआ था जो जांच के

## शहाड़ पुल पर यातायात जाम, वाहन चालक परेशान



### यातयात पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की अपील की

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

शनिवार रविवार को छुट्टी का आनंद लेने के लिए लोग बड़ी संख्या में तीर्थयात्री,भीमाशंकर अन्य स्थानों पर पहले जाते हैं, जिसके कारण शहाड फ्लाईओवर पर भारी ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है, इसलिए उल्हासनगर यातायात पुलिस ने नागरिकों और वाहन चालकों से वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की अपील की है। मानसून शुरू हो चुका है और लोग शनिवार और रविवार की छुट्टियों में प्रकृति का आनंद लेने के लिए मालशेज घाट,पुणे और भीमाशंकर जैसी जगहों पर जाते हैं। लेकिन रविवार को जब घूमने निकले लोग वापस आये। उस समय कल्याण, अंबरनाथ और बदलापुर जाने के लिए उल्हासनगर के शहाड ब्रिज के पास शाम के समय भारी ट्रैफिक जाम लग गया था और वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम की परेशानी से सामना करना पड़ता है।

### गोवेली - टिटवाला - अंबिवली - कल्याण सड़क का उपयोग करने की अपील

मोटर चालकों को कल्याण पहुंचने के लिए वैकल्पिक सड़क के रूप में गोवेली - टिटवाला - अंबिवली - कल्याण सड़क का उपयोग करना चाहिए। अंबरनाथ तक पहुंचने के लिए लोगो को रायता पुल के माध्यम से तीन झाड़ी अंबरनाथ सड़क मार्ग का उपयोग करना करे. साथ हीबदलापुर तक पहुंचने के लिए रायता से दहागांव मंजरली तक बदलापुर सड़क का उपयोग करना चाहिए.उल्हासनगर यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे ने अपील की है कि शहाड ब्रिज पर ट्रैफिक जाम नहीं होगा और घर समय पर पहुँच जायेगें। यातायात जाम से नहीं जूझना पड़ेगा।

## नौपाड़ा कोपरी में सोमवार को पानी की आपूर्ति बाधित

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



ठाणे नगर निगम क्षेत्र में, जल पूर्ति के लिए बायपास प्रणाली लागू की जाएगी। इसलिए नौपाड़ा-कोपरी वार्ड समिति में कोपरी आनंदनगर में बीएमसी विभाग के माध्यम से निर्मित जल चैनल पर कनेक्शन कार्य किया जाएगा।ठाणे मनपा जन संपर्क विभाग ने आव्हान किया है बायपास प्रणाली पर कार्य करने के दौरान सोमवार 15 जुलाई2024 को सुबह 10.00 बजे से रात 10.00 बजे तक नौपाड़ा कोपरी वार्ड समिति के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति की नही की जाएगी।

# आषाढी वारी के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति तैयार

**दोपहर संवाददाता । पंढरपूर**

इस साल आषाढी एकादशी बुधवार 17 जुलाई को है। पूरे राज्यभर से लोग दिंडियां लेकर पंढरपुर की ओर बढ़ रहे है। इस यात्रा में लगभग 12 से 15 लाख श्रद्धालु शामिल होते है। आषाढी यात्रा के दौरान भक्तों को मंदिर समिति द्वारा आवश्यक और मूल सुविधाएं प्रदान की जाती है। इसमें बैरिकेडिंग कर दर्शन लाइन पर पत्रे का शेड, परिसर में अतिरिक्त शेड निर्माण, आपातकालीन गेट, विश्राम रूप, फैब्रिकेटेड शौचालय, बैठने की सुविधा, लाइव दर्शन, कूलर-पंखे, मिनरल वाटर, चाय का वितरण किया जा रहा है। यह जानकारी अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर ने दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस साल पहली बार लाइव दर्शन के लिए एलईडी वैन की व्यवस्था की गई है।



### चिकित्सा व महिलाओं के लिए विशेष सुविधा

दान के लिए अधिक से अधिक स्टॉल का निर्माण व ऑनलाईन दान के QR CODE, सोने चांदी दान के लिए स्वतंत्र कक्ष बनाए गए है। एवं नगरप्रदक्षिणा एवं दर्शन लाइन, मंदिर प्रदक्षिणा, चंद्रभागा किनारे जगहों की सफाई की जा रही है। इस काम के लिए एनजीओ की मदद ली जा रही है और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही मंदिर परिसर में दो नवीनतम एम्बुलेंस मेडिकल टीम, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और भारत सेवाश्रम कलकत्ता और वैष्णव चैरिटेबल एंड मेडिकल ट्रस्ट, मुंबई के साथ मंदिर समिति के माध्यम से श्री संत ज्ञानेश्वर दर्शन मंडप और मंदिर परिसर में भक्तों को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएगी। साथ ही महिला भक्तों के लिए सुविधा के लिए सैनिटरी नैपकिन, फीडिंग रूप एवं चंद्रभागा वालवंट में चेंजिंग रूम बनाये गए है।

### 24 घंटे मुख दर्शन और 22 घंटे चरण दर्शन की अनुमति

दर्शन लाइन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु होते हैं, इन भक्तों को जल्द से जल्द दर्शन दिलाने के लिए दर्शन कतार को तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता को ध्यान में रखकर अनुभवी पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गयी है। परंपरा के अनुसार श्री की शय्या हटाकर प्रतिदिन 24 घंटे मुख दर्शन और 22 घंटे चरण दर्शन मिलते हैं। इसके साथ ही यात्रा के दौरान श्री विठ्ठल रूक्मिणी मंदिर की संबंधित प्रथा व परंपरा का सावधानी से पालन किया जा रहा है। श्री के शय्या निकालना, एकादशी को सभी पूजा, महानैवेद्य, संतों की भेटी, श्री की पादुका की शोभायात्रा, महाद्वार काला, प्रक्षाल पूजा की विधिवत योजना बनाई गई है।

### मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

इसके अलावा आपत्कालीन व सुरक्षा व्यवस्था का काम कर्मचारियों का प्रशिक्षण, सोलापूर महानगरपालिका द्वारा रेस्क्यू वैन प्रशिक्षित कर्मचारियों सहित सीजफायर तकनीकी, स्कायवॉक पर आपत्कालीन गेट व फोन की व्यवस्था, चंद्रभागा नदी के किनारे आपतकालीन व्यवस्थापन टीम की नियुक्ति, अत्याधुनिक 125 सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम, वायरलेस यंत्रणा, जनरेटर, मेटल डिटेक्टर, सार्वजनिक प्रसारण सूचना प्रणाली, जांच रूप, बैग स्कैनर मशीन, दुर्घटना बीमा पॉलिसी, मैन काउंटिंग मशीन व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस विभाग से अत्याधुनिक डीएफएमडी मशीनें प्राप्त कर मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है।

### एकादशी के दिन भक्तों को मिनरल वाटर वितरित

श्री के प्रसाद के रूप में बूंदी व राजगिरा लाडू प्रसाद है, इसके लिए पश्चिम द्वार, उत्तर द्वार इसके अलावा श्री संत तुकाराम भवन में पहली बार कोई नया स्टॉल बनाया गया है। इसके साथ ही दर्शन लाइन में एकादशी के दिन भक्तों को मिनरल वाटर के बोटल वितरित किए जाएंगे ।साबूदाना/चावल की खिचड़ी एवं चाय चक्रवर्ती दिनेश्वर महाराज श्री बसवगोपाल नीलमणिकमठ बंदिगनीमठ, बागलकोट इस स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जाएगी। यह जानकारी कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र शेलके ने दी।



मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है







**महाराष्ट्र चुनाव में उद्धव ठाकरे के लिए करेंगी प्रचार**

**अनमोल विचार** आप अन्याय से तभी लड़ सकते हैं जब आप इसे देखें : सर पैट्रिक स्टीवर्ट

**न्यूज़ ब्रीफ**

### महाराष्ट्र कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पटेल ने की केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल से मुलाकात



**मुंबई/नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से कपास, सोयाबीन और प्याज की कीमतों में उतार-चढाव के कारण मायूस महाराष्ट्र के किसानों को जल्द राहत मिलने के आसार है। महाराष्ट्र कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पाशा पटेल ने शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वह इस मामले में प्रदेश के किसानों को शीघ्र राहत पहुचाएंगे। केंद्रीय मंत्री से करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद पाशा पटेल ने मीडिया से कहा कि 2021-2024 के दौरान कपास, सोयाबीन और प्याज के दामों में हुए उतार-चढाव ने राज्य के किसानों को हताशा, निराशा ने जकड़ लिया है। इन फसलों को लेकर निर्माण हुई स्थितियों को आंकडों के साथ केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। इस पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने फसलों की आयात-निर्यात नीति और आयात शुल्क को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से जल्द बैठक करके इस संबंध में तत्काल रुप से ठोस निर्णय लिए जाने की बात कही है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही किसानों को राहत देने वाला नीतिगत फैसला लेगी। पाशा पटेल ने कहा कि महाराष्ट्र में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। ऐसे में किसानों से संबंधित प्रश्नों का समाधान करना आवश्यक हो गया है।

# उद्धव और शरद पवार से मिलीं ममता बनर्जी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

केंद्र के खिलाफ विपक्षी गठबंधन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंची तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र में एनडीए सरकार अस्थिर हैं और शायद अपना ये कार्यकाल पूरा नहीं पाएगी। वहीं इससे पहले उन्होंने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से बांद्रा में मौजूद उनके आवास मातोश्री पर मुलाकात की। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।



### शरद पवार से भी मिलीं ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अपने महाराष्ट्र दौरे के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार से भी मुलाकात की है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शरद पवार से दक्षिण मुंबई में उनके आवास 'सिल्वर ओक' में मुलाकात की। तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के घटक दल हैं।

### 'भाजपा शासन में आपातकाल जैसी स्थिति'

वहीं उद्धव ठाकरे के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, यह सरकार शायद आगे भी न चले। क्योंकि यह स्थिर सरकार नहीं है। इस बारे में विस्तार से पूछने पर उन्होंने कहा, कि खेला शुरू हो गया है, यह चलता रहेगा। 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के कदम पर ममता बनर्जी ने कहा कि आपातकाल से जैसा समय तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सबसे अधिक देखा जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि जब तीन कानून - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को संसद में पेश किया गया था, तब किसी से भी सलाह नहीं ली गई थी। उन्होंने कहा कि इसे तब पारित किया गया जब बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कई लोग इन नए कानूनों से डरते हैं।

### हम आपातकाल का समर्थन नहीं करते: ममता

इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा, कि हम आपातकाल का समर्थन नहीं करते...(लेकिन) परोपकार की शुरुआत घर से होती है। वहीं मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार की 48 वोटों से हार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई अन्य लोकसभा सीटों पर भी इसी तरह की जीत हासिल की गई है। अपने राज्य में विपक्षी गठबंधन पर उन्होंने कहा कि टीएमसी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के साथ तालमेल नहीं बिठा सकती क्योंकि उनकी पार्टी ने वाम मोर्चे से लड़ाई लड़ी और सत्ता में आई।

### विधानसभा चुनाव में उद्धव गुट के लिए प्रचार करेंगी ममता

ममता बनर्जी ने आगे कहा कि उद्धव ठाकरे गुट से नाम और चुनाव चिह्न छीनना बिल्कुल अनैतिक है, लेकिन यह गुट बाघ की तरह लड़ा। बता दें कि जून 2022 में शिवसेना का विभाजन हुआ और पार्टी का नाम और 'धनुष और तीर' चुनाव चिह्न मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को दे दिया गया था। पश्चिम बंगाल की सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि वो अक्टूबर-नवंबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के लिए प्रचार करेंगी। शिवसेना (यूबीटी) और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस दोनों ही विपक्ष के इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं।

## पीआरएसआई की अध्यक्ष बनीं 'इंडियन ऑयल' की अनीता श्रीवास्तव

- एलाइड ब्लेंडर्स के राजेश परिदा बने उपाध्यक्ष
- महापारेषण के डॉ.मिलिंद अवताड़े सचिव बने





मुंबई। जनसंपर्क के क्षेत्र में देश की शीर्ष संस्था पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) मुंबई चैप्टर के नई कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने हाल ही में घोषणा की। इंडियन ऑयल की मुख्य महाप्रबंधक (टीम सद्भाव) अनीता श्रीवास्तव अध्यक्ष, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलरी लिमिटेड के निदेशक (जनसंपर्क) राजेश परिदा अध्यक्षा और सचिव महापारेषण के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद अवताड़े चुने गए।

### विश्वजीत नई कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव नियुक्त

महावितरण के जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत भोसले को नई कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि संकेत कम्युनिकेशंस के उपाध्यक्ष अमलन मस्करेन्हास को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल की महाप्रबंधक (टीम सद्भाव ) अंजना अरविंद, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के मुख्य प्रबंधक (टीम सद्भाव) सुदीप्तो बसाक, एएसबी कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक ब्रज किशोर, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के टीम सद्भाव के प्रमुख शांतनु चक्रवर्ती, इंडिया एक्जिम बैंक के मुख्य प्रबंधक कुणाल गुलाटी को सदस्य के रूप में चुना गया है। अवद्वैत इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के समूह प्रमुख जयशंकर को चुना गया है। सलाहकार के रूप में 'पीआईबी' के पूर्व महानिदेशक मनीष देसाई, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कार्यकारी निदेशक (टीम सद्भाव) राजीव गोयल, नेहरू विज्ञान केंद्र के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक सुहास नाइक-साटम को चुना गया है।

### सदस्यता समिति में ये हैं शामिल

सदस्यता समिति में मुंबई महानगरपालिका के उप जनसंपर्क अधिकारी गणेश पुराणिक, एड फैक्टर पीआर के शैलेश कसबे, आदित्य बिड़ला समूह की टीम रिलेशन प्रमुख जेनेट अरोले और कार्यक्रम समिति में इंडियन ऑयल के सहायक प्रबंधक (टीम रिलेशन) जनसंपर्क सलाहकार नौमान कुरैशी शामिल हैं। इंडियन ऑयल के सहायक प्रबंधक शिवप्रसाद डी., एनएसई के मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी अरिजीत सेनगुप्ता, इंडियन ऑयल प्रबंधक (टीम सद्भाव) लक्ष्मी नारायण मिश्रा, तो उद्योग-शैक्षणिक समन्वय समिति में मुंबई विश्वविद्यालय के प्रो. दैवता चव्हाण-पाटिल, गुरु नानक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पुष्पिंदर गुप्ता भाटिया चुने गए।

# शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 46 लाख की ठगी

### व्हाट्सएप के जरिए करवाया निवेश

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग साइबर धोखाधड़ी में 46.4 लाख रुपए गंवाने के बाद मुंबई साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अपराधियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस के अनुसार, गोरेगांव में रहने वाला शिकायतकर्ता एक टेक कंपनी में मैनेजर के तौर पर काम करता है। 6 अप्रैल को उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट पर क्लिक किया और वह अपने आप ही एक व्हाट्सएप ग्रुप '5 पैसा J03 वैल्यू इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो' में जुड़ गया था। इस व्हाट्सएप ग्रुप में 171 से ज़्यादा सदस्य थे और इस प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग स्टॉक के बारे में जानकारी शेयर की जा रही थी, जिससे लोगों को ट्रेडिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था।

### ऐप पर साइन अप कर खाता खोला



9 मई को व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन में से एक ने व्यक्तिगत व्हाट्सएप चैट पर शिकायतकर्ता को अपने मोबाइल एप्लिकेशन 'फाइव पैसा सेस' के माध्यम से अच्छा लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिकायतकर्ता ने उनके निर्देशों का पालन किया, उनके ऐप पर साइन अप किया और एक खाता खोला। इसके बाद, एडमिन और उसके सहयोगी शिकायतकर्ता को ट्रेडिंग में मार्गदर्शन करते थे। वे उसे ट्रेडिंग और पैसे कमाने के लिए अपने सिस्टम में पैसे जमा करने के लिए कहते थे।

### वर्चुअल वॉलेट में कुल 1.62 करोड़ रुपए जमा हुए

जुलाई में शिकायतकर्ता ने उनके निर्देशों का पालन करते हुए 'ट्रेडिंग' की और उनके वर्चुअल वॉलेट में कुल 1.62 करोड़ रुपए जमा हो गए। जब शिकायतकर्ता ने इसे वापस लेने की कोशिश की, तो उनका अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया, शिकायतकर्ता को तब अहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है।

### फोन पर धमकाया

एक अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपी उसे नियमित रूप से फोन करके धमकाते थे कि, अगर उसने पैसे नहीं चुकाए तो उसे सेबी की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उत्तर क्षेत्र साइबर पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई है।

## 15 जुलाई को बीजेपी की बड़ी बैठक

### उम्मीदवारों और मुद्दों को लेकर बनेगी रणनीति



**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक तरफ जहां महा विकास अघाड़ी दल लगातार बैठकें कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर महायुति गठबंधन ने भी कमर कस ली है। इसी बीच बीजेपी ने भी राज्य के चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से बीजेपी की एक बड़ी बैठक 15 जुलाई को मुंबई में होनी है।इसमें भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव शिरकत करेंगे।इस मीटिंग में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन, प्रचार के मुद्दे और अन्य रणनीतियों पर चर्चा हो सकती है।

### सीटों के बंटवारे को लेकर नहीं हुई चर्चा

सूत्रों के मुताबिक, महायुति गठबंधन में अभी सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा शुरू नहीं हुई है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि सीटों के बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं आएगी। उधर, कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)-एसपी और शिवसेना (यूबीटी) समेत अन्य दलों वाले महा विकास अघाड़ी गठबंधन में भी सीट बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं।

## इंडिगो के विमान में ई-सिगरेट पीने के लिए एक यात्री के खिलाफ मामला दर्ज



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस ने इंडिगो के विमान में ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े गए एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना आठ जुलाई को सुबह करीब नौ बजे कोयंबटूर से मुंबई जा रहे विमान में हुई। विमान चालक दल के एक वरिष्ठ सदस्य ने एक सीट पर से धुआं आता देख यात्री से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा कि कनिष्क सिंह राजपूत नामक यात्री ने स्वीकार किया कि उसने ई-सिगरेट पी है। अधिकारी ने बताया कि राजपूत को मुंबई में हिरासत में लेकर हवाई अड्डा थाने ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और विमान नियमों के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**विभाग : मुख्य अभियंता (मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल)**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | 2024_एमसीजीएम_1051588_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | ई वार्ड में रे रोड स्थित वैकुंठधाम हिंदू कब्रिस्तान में विद्युत शवदाह गृह के संचालन हेतु वार्षिक अनुबंध |
| जांच शुल्क | रु.6600/-+(18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत/ (अनुमानित लागत) | आइटम दर निविदा |
| निविदा सुरक्षा जमा (ईएमडी) | रु.48,100/- |
| निविदा जारी और बिक्री की तिथि | 13/07/2024 को सुबह 11.00 बजे से |
| अंतिम तिथि व समय निविदा बिक्री की और निविदा सुरक्षा जमा की रसीद | 19/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी जमा करना (ऑनलाइन) | 19/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक | NA |
| पैकेट 'ए' खोलना | 22/07/2024 को शाम 04.01 बजे के बाद |
| पैकेट 'बी' खोलना | 22/07/2024 को शाम 04.02 बजे के बाद |
| पैकेट 'सी' खोलना | 25/07/2024 को दोपहर 01.00 बजे के बाद |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः ई. ई. मेंक.(ई.आई.) मेंट. दक्षिण, बीएमसी म्युनिसिपल वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई-400008. |
| बोली खोलने का स्थान | ई. ई. मेंक. (दक्षिण) कार्यालय में ऑनलाइन। |
| एनआईसी का पोर्टल | www.mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./
ई. ई.मेंक.(ई.आई) मेंटेनेंस

पीआरओ/506/विज्ञा./2023-24

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।


# एनआईए ने आईएस आतंकी समेत दो के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने लीबिया स्थित आईएसआईएस आतंकी समेत दो लोगों के खिलाफ भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के आरोप में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। एजेंसी ने कहा कि उन्होंने भारत भर में संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर आतंकवादी हमले करने के लिए युवाओं को भर्ती करने की साजिश रची थी। एनआईए ने कहा कि इस साल फरवरी में कई स्थानों पर तलाशी के बाद एनआईए द्वारा गिरफ्तार मोहम्मद जोहेब खान के साथ लीबिया स्थित मोहम्मद शोएब खान के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दाखिल आरोप पत्र में दोनों को दुनियाभर में फैले आतंकी नेटवर्क के महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से संबंधित मॉड्यूल से जुड़े आईएस आतंकी साजिश का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया।

### आईएस में युवाओं को भर्ती करने की योजना




एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आरोपी आईएस की चरमपंथी और हिंसक विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए एक वेबसाइट विकसित करने में भी सक्रिय रूप से शामिल मिले। जांच में पता चला कि मोहम्मद शोएब खान द्वारा भर्ती किए गए मोहम्मद जोहेब खान ने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। जोहेब ने औरंगाबाद के 50 से अधिक युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के इरादे से इस ग्रुप में जोड़ा था। आरोपी विस्फोटकों के निर्माण और आईईडी के निर्माण से संबंधित वीडियो साझा कर रहे थे। उन्होंने भारत में कई स्थानों पर आतंकी हमलों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी।

संपादकीय

# भरण-पोषण का हक

देश की शीर्ष अदालत ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में नई पहल की है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि मुस्लिम महिलाएं भी सीपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की हकदार हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने इस सिद्धांत की व्याख्या की कि भरण-पोषण किसी तरह का दान नहीं बल्कि सभी विवाहित महिलाओं का मौलिक अधिकार है। अब चाहे महिला किसी भी धर्म की क्यों न हो। दरअसल, अदालत का फैसला तेलंगाना के मोहम्मद अब्दुल समद की अपील के जवाब में आया है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने भी इसी तरह का फैसला दिया था, जिसे शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा। अब्दुल समद ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा महिला केवल मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत ही भरण-पोषण की मांग कर सकती है। शीर्ष अदालत ने उसकी अपील को खारिज कर दिया। कोर्ट का मानना था कि धारा 125 देश की सभी महिलाओं पर लागू एक धर्मनिरपेक्ष प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला ऐतिहासिक शाह बानो प्रकरण की याद ताजा करता है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने धारा 125 के तहत एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला के भरण-पोषण के अधिकार के पक्ष में फैसला सुनाया था। यह फैसला 1986 के उस अधिनियम के बावजूद था, जिसमें इस अधिकार को सीमित करने के प्रावधान किये गये थे। बहरहाल, अदालत का हालिया फैसला धारा 125 की स्थायी स्वीकार्यता को सिद्ध करता है। यह भारतीय न्यायतंत्र की खूबसूरती ही है कि अधिनियम के विकास और उसके बाद के न्यायिक उदाहरणों ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकारों का उत्तरोतर विस्तार ही किया है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला महिलाओं को उनके न्यायोचित अधिकार दिलाने तथा संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। बहरहाल, अदालत ने इस फैसले के जरिये यह संदेश देने का प्रयास किया है कि जब हम 21वीं सदी में सर्वांगीण विकास व सभ्यता के समृद्ध होने का दावा करते हैं तो महिलाओं के अधिकारों को लेकर भी हमारी सोच प्रगतिशील होनी चाहिए। उनके प्रति संकीर्ण मानसिकता के चलते ही महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं हो पाया है। अदालत का नवीनतम निर्णय विकास क्रम के अनुरूप यह सुनिश्चित करता है कि देश में किसी भी धर्म की महिला अपने अधिकारों से वंचित न रहे। साथ ही यह भी कि विवाह विच्छेदन के बाद भी महिला को भरण-पोषण के लिये आर्थिक सहायता पाने का अधिकार है। निस्संदेह, अदालत ने भारत में लैंगिक न्याय और समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह फैसला न केवल संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखता है बल्कि मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को भी मजबूत करता है। साथ ही यह फैसला भविष्य के मामलों के लिये भी एक मिसाल स्थापित करता है। इस फैसले का मानवीय पक्ष यह भी है कि यदि तलाकशुदा महिला का आय का कोई नियमित जरिया नहीं है तो भरण-पोषण के लिये आर्थिक मदद न मिल पाने से उसके जीवन-यापन का संकट बड़ा हो जाता है। विडंबना यह है कि भारत में मायके पक्ष के सक्षम होने के बावजूद तलाकशुदा बेटी को साथ रखने को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता। जिससे तलाकशुदा बेटियों का जीवन-यापन दुष्कर हो जाता है। ऐसी महिलाओं के जीवन में यह फैसला एक नई रोशनी बनकर आया है। निस्संदेह, फैसला स्वागतयोग्य है और इसके दूरगामी गहरे निहितार्थ भी हैं। पिछली राजग सरकार के दौरान बने तीन तलाक कानून ने भी मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया था। यह फैसला देश की सोच में आए बदलाव का भी प्रतीक है। करीब चार दशक पहले शाह बानो केस में कोर्ट के ऐसे ही प्रगतिशील फैसले को तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने अपनी विधायी शक्ति से पलट दिया था। जिसके बाद देश में ध्रुवीकरण की राजनीति को बल मिला था। निस्संदेह, चार दशक बाद अब भारतीय समाज में लैंगिक समानता को लेकर सोच में व्यापक बदलाव आया है।

# नए बजट से मध्यम वर्ग को राहत का सवाल



इन दिनों पूरे देश के साथ-साथ दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की निगाहें 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हैं। हाल ही में आयी वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मार्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के नए बजट में राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर रहेगा और इससे मध्यम वर्ग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे सकता है। साथ ही इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश की जा सकती है। नए बजट के जरिये मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ा जा सकता है। मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है। विगत वर्षों में जहां गरीब वर्ग के लिए राहतों का ऐलान किया गया, वहीं कॉर्पोरेट जगत पर भी ध्यान दिया। लेकिन राहत पाने के मामले में सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान में मध्यम वर्ग की नाराजगी भी दिखाई दी है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री के संबोधन में जिक्र था कि मध्यम वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा इस वर्ग के लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाया जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में रणनीति पूर्वक आगे बढ़ा जाएगा।

गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साल 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और बीते 10 साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं। आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था। यह फिर तेजी से बढ़ता गया। यह वर्ष 2019-20 में 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया। कोरोनाकाल के कारण यह 2020-21 में कुछ घटा। लेकिन 2021-22 में 14.08 करोड़ रुपये, 2022-23 में 16.64 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 19.58 करोड़ रुपये हो गया। ऐसी मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को राहतों से लाभान्वित किया जा सकता है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। इसके तहत मानक कटौती यानी स्टैंडर्ड डिडक्शन सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी और वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

50 हजार रुपये किया गया था। मानक कटौती वह धनराशि है, जिसे वेतनभोगी करदाता अपनी कर योग्य आय में से बिना कोई सबूत दिए घटा सकता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी अपने वेतन पर ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं जहां आमदनी कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है कि इस वर्ग द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाता वर्ग द्वारा चुकाए गए आयकर से काफी अधिक होता है।

नए बजट के तहत आयकर से संबंधित विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जा सकती है। मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है। इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 2.5 लाख से तीन लाख की छूट दी जा सकती है। इसी तरह इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ाया जा सकता है। 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट बढ़ सकती है ताकि टैक्पेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों। इसके साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाई जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। वहीं पीपीएफ में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जा सकता है। निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है। लेकिन अभी आयकर के दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां वर्ष 2024-25 के बजट से आयकर राहत दी जा सकती है, वहीं बजट में आयकर के दायरे का विस्तार करने की नई रणनीति का ऐलान संभव है। महत्वपूर्ण यह भी कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। उम्मीद करें कि इस बार वित्तमंत्री नए बजट से ऐसे लोगों को चिन्हित करने की नई रणनीति के साथ दिखाई देंगी, जिससे वास्तविक आमदनी का सही मूल्यांकन हो सके, लोगों के वित्तीय लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही जो वास्तविक कमाई से कम पर आयकर देते हैं, उन्हें भी चिन्हित करके अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किया जा सके। निश्चित रूप से इससे देश में टैक्स संग्रहण बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

सहज योग

# आपको क्षमा करना ही चाहिए



हमें उनके जीवन से सीखना है कि किस प्रकार सबको क्षमा करना। हमें भी लोगों को क्षमा करना चाहिए। लोगों के लिए क्षमा करना बहुत कठिन प्रतीत होता है और अगर वो नाराज़ हैं तो वो नाराज़ हैं। वो क्षमा नहीं कर सकते। फिर आप सहज योगी नहीं हैं। सहज योगियों को क्षमा करना ही चाहिए।

मैंने आशा नहीं की थी कि आप सब यहां पूजा के लिए आएंगे। मुझे नहीं पता आप सब कैसे आ पाए। नहीं तो यह आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, हम सभी के लिए क्योंकि आपको पता है कि क्राइस्ट कैसे मरे। उन्हें सूली पर चढ़ाया था। उन्हें क्रॉस पर चढ़ाया गया और फिर वो मर गए। उन्होंने आपके बारे में जिस तरह बताया वो वह कमाल की बात है। उन्होंने परमात्मा से क्षमाशीलता मांगी। हमें उनके जीवन से सीखना है कि किस प्रकार सबको क्षमा करना। हमें भी लोगों को क्षमा करना चाहिए। लोगों के लिए क्षमा करना बहुत कठिन प्रतीत होता है और अगर वोनाराज़ हैं तो वो नाराज़ हैं। वो क्षमा नहीं कर सकते। फिर आप सहज योगी नहीं हैं। सहज योगिओं को क्षमा करना ही चाहिए। बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि यही शक्ति है, जो आपको क्राइस्ट से मिली है, क्षमा की शक्ति। मनुष्य ग़लतियां करते हैं, वह उनके जीवन का हिस्सा है। पर उसी समय, सहज योगी होने के नाते आपको याद रखना है कि आपको क्षमा करना है। वह कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है, नाराज़ होने से। तो लोगों को उनकी किसी गलती के लिए, आपके मुताबिक या परमात्मा के मुताबिक, आपको क्षमा करना है और आपको आश्चर्य होगा कि क्षमाशीलता इतनी महान है, और संतुष्टि देने वाली आपकी विशेषता है। यदि आप लोगों को क्षमा कर सकते हैं, तो आप बहुत ज्यादा शुद्ध हो जाएंगे। क्योंकि जो धूल है या गुस्सा है हमारे अंदर है वो चली जाती है। तो क्षमा करना सबसे बड़ा आशीर्वाद है मनुष्य के पास। क्राइस्ट ने भी यही बात कही थी की 'उनको क्षमा करो क्योंकि वो नहीं जानते की वो क्या कर रहे हैं।' तो यदि क्राइस्ट को कहना पड़ा तो आपका क्या है? हम साधारण मनुष्य है, और अगर हमने ग़लतियां की है, तो लोग नाराज़ हो सकते है आपसे। पर आपके लिए सबसे अच्छी बात है कि क्षमा करना। क्षमा करो ऐसे कर्म के लिए जो नहीं करना चाहिए था। यह क्राइस्ट की सबसे बड़ी विशेषता थी कि उन्हें पता था कि कैसे क्षमा करना और उन्होंने क्षमा किया, लोगों को जिन्होंने भयावह ग़लतियां की थी। फिर भी उन्होंने क्षमा किया क्योंकि वे उन्हें प्यार करते थे और इसीलिए आपको भी क्षमा करना चाहिए। आज उनके लिए विशेष दिन है, विशेष दिन है क्षमाशीलता के लिए और इसीलिए मैंने कहा जो भी आप सोचते हैं, बहुत देर हो गई, पर हम मीटिंग लेंगे, क्योंकि मैं समय खोना नहीं चाहती। क्षमाशीलता आती है लोगों से जो बहुत उदार होते हैं, जो अच्छे दिल के होते हैं। आप, हर कोई ग़लतियां करते हैं, इसीलिए हम भी ग़लतियां कर सकते हैं। पर इसका मतलब है की हमे क्षमा करने का अधिकार है और हमारे पास क्षमा करने का ह्रदय है। यदि आपके पास नहीं हैं, तो हम सहज योगी नहीं हैं। आपको सीखना ही होगा क्षमा करना और उसके पीछे बिना कुछ दर्शाएं। आप, हर कोई ग़लतियां करते हैं, इसीलिए हम भी ग़लतियां कर सकते हैं। इसका मतलब है कि हमें क्षमा करने का अधिकार है और हमारे पास क्षमा करने का ह्रदय है। यदि आपके पास नहीं हैं, तो हम सहज योगी नहीं हैं। आपको सीखना ही होगा क्षमा करना और उसके पीछे बिना कुछ दर्शाएं।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

सर पैट्रिक स्टीवर्ट : जन्म 13 जुलाई 1940 | जन्म

# असली चुनौती खुद को स्वीकार करना है

सर पैट्रिक स्टीवर्ट, एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी अभिनेता है, जिनका जन्म 13 जुलाई 1940 में इंग्लैंड में हुआ था। ’स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन’ में कैप्टन जीन-ल्यूक पिकार्ड और ’एक्स-मेन’ फिल्मों में प्रोफेसर चार्ल्स जेवियर की भूमिका के लिए वे प्रसिद्ध हैं। छह दशकों के करियर के साथ, उन्हें थिएटर, टेलीविजन और फिल्म में उनके काम और सामाजिक न्याय की वकालत के लिए जाना जाता है।



जितना अधिक हम अपने बारे में समझते हैं, उतना ही अधिक मेरा मानना है कि हम उन सूक्ष्म, फिर भी शक्तिशाली शक्तियों को पहचान सकते हैं और रोक सकते हैं जो लोगों को दूसरों को दर्द पहुंचाने के लिए प्रेरित करती हैं। मैं हमेशा से सकारात्मक विचारक रहा हूं, और मैं सकारात्मक विचारक बने रहना चाहता हूं। असली चुनौती स्वीकार किए जाने की नहीं बल्कि खुद को स्वीकार करने की है। अपने काम से लोगों तक पहुंचने में सक्षम होने से अधिक पुरस्कृत करने वाली कोई चीज़ नहीं है। मैं कोई नायक नहीं हूं। मैं एक बहुत ही साधारण व्यक्ति हूं जो अप्रिय चीज़ों को होते देखना पसंद नहीं करता। एक अभिनेता होने के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि आप हर समय दूसरे लोगों की तरह होते हैं। आपको केवल एक बार पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि आप कितनी दूर आ गए हैं। हम अकेले की तुलना में साथ मिलकर ज़्यादा मज़बूत हैं। अभिनय का मतलब सजना-संवरना नहीं है। अभिनय का मतलब है नंगा होना। मुझे लगता है कि मुझे सबसे ज़्यादा मज़ा कुछ ऐसा करने में आता है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। मेरे पिता एक बेहतरीन कहानीकार और एक बिल्कुल स्वाभाविक अभिनेता थे। हमारे पास जो कुछ है, वह एक उपहार है और इसे दूसरों के साथ साझा किया जाना चाहिए, दूसरों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए और अपनी क्षमता के अनुसार इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कौन हूं और क्या हूं और मैं किससे प्यार करता हूं और किसे प्यार करता हूं। सबसे मुश्किल काम है अपना जीवन जीना, लोगों या परिस्थितियों से डरना नहीं।एक चीज़ जिसके बारे में मैं हमेशा भावुक रहा हूं, वह है विविधता और समावेश का महत्व। मुझे जो अवसर मिले हैं, उसके लिए मैं आभारी हूं, लेकिन मेरा यह भी मानना है कि हमें दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए अपनी आवाज़ का इस्तेमाल करना चाहिए। आप अन्याय से तभी लड़ सकते हैं जब आप इसे देखें, इसका अनुभव करें और इसे महसूस करें।

प्रेरक प्रसंग

# समस्याओ का बोझ

एक प्रोफेसर कक्षा में दाखिल हुए। उनके हाथ में पानी से भरा एक गिलास था। उन्होंने उसे बच्चों को दिखाते हुए पूछा, 'यह क्या है?' छात्रों ने उत्तर दिया, 'गिलास।' प्रोफेसर ने दोबारा पूछा, 'इसका वजन कितना होगा?' उत्तर मिला, 'लगभग 100-150 ग्राम।' उन्होंने फिर पूछा, 'अगर मैं इसे थोड़ी देर ऐसे ही पकड़े रहूं तो क्या होगा?' छात्रों ने जवाब दिया, 'कुछ नहीं।' 'अगर मैं इसे एक घण्टे पकड़े रहूं तो?' प्रोफेसर ने दोबारा प्रश्न किया। छात्रों ने उत्तर दिया, 'आपके हाथ में दर्द होने लगेगा।' उन्होंने फिर प्रश्न किया, 'अगर मैं इसे सारा दिन पकड़े रहूं तो क्या होगा'? तब छात्रों ने कहा, 'आपकी नसों में तनाव हो जाएगा। नसें संवेदनशून्य हो सकती हैं। जिससे आपको लकवा हो सकता है।' प्रोफेसर ने कहा, 'बिल्कुल ठीक। अब यह बताओ क्या इस दौरान इस गिलास के वजन में कोई फर्क आएगा?' जवाब था कि नहीं। तब प्रोफेसर बोले, 'यही नियम हमारे जीवन पर भी लागू होता है। यदि हम किसी समस्या को थोड़े समय के लिए अपने दिमाग में रखते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन अगर हम देर तक उसके बारे में सोचेंगे तो वह हमारे दैनिक जीवन पर असर डालने लगेगी। हमारा काम और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होने लगेगा। इसलिए सुखी जीवन के लिए आवश्यक है कि समस्याओं का बोझ अपने सिर पर हमेशा नहीं लादे रखना चाहिए। समस्याएं सोचने से नहीं हल होतीं। सोने से पहले सारे समस्यायुक्त विचारों को बाहर रख देना चाहिए। इससे आपको अच्छी नींद आएगी और आप सुबह तरोताजा रहेंगें।

शख्सियत | वोले शोयिंका

# अश्वेत लोकधर्मी कवि



**वोले शोयिंका (1 जुलाई 1934-1986) साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अफ्रीका के पहले साहित्यकार हैं। अश्वेत अफ्रीका की परंपरा, संस्कृति और धार्मिक विश्वास में युगों-युगों से रचे-बसे मिथकों की काव्यात्मकता और उनकी नई रचनात्मक सम्भावनाओं को शोयिंका ने ही पहली बार पहचाना। लोकधर्मी कवि सिर्फ संघर्ष में ही नहीं जीता। वह प्रेम, प्रकृति तथा अन्य कोमल भावों को भी अपने संघर्ष का एक जरूरी आयाम बना लेता है। यह बात वाइ जुई, नाज़िक हिकमत तथा पाब्लो नेरुदा की कविताओं से भी झलकती है। इसी अर्थ में लोकधर्मी कविता का वृत्त अत्यंत व्यापक तथा समग्र होता है। शोयिंका इसी अर्थ में सम्पूर्ण लोकधर्मी कवि हैं।**

नाइजीरिया जैसे छोटे से देश को विश्व साहित्य में एकमात्र नोबल पुरस्कार दिलाने का श्रेय महान अश्वेत कवि, नाटककार और उपन्यासकार वोले शोयिंका को जाता है। शोयिंका पहले अश्वेत अफ्रीकी रचनाकार हैं, जिन्हें 1986 में नोबल पुरस्कार मिला। कई बार भारत आ चुके शोयिंका हाल ही में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में भी आए थे। 13 जुलाई, 1934 को नाइजीरिया की योरूबा जनजाति के एक प्रतिष्ठित परिवार में वोले शोयिंका का जन्म हुआ। इनका परिवार आदिम जनजातीय परंपराओं और मिथकीय ज्ञान को सहेज कर रखने वाला परिवार था। बचपन से ही शोयिंका को अपनी इस पैतृक संपदा को गहराई से जानने-समझने का अवसर मिला, जो आगे चलकर उनके रचनाकर्म का एक विशिष्ट पक्ष बन गया। अश्वेत अफ्रीकी जनजातियों में लोकनाट्य, कला और संगीत की समृद्ध परंपरा रही है, जो भारतीय लोक परंपराओं की भांति लोकजीवन में अभिव्यक्ति का प्रमुख माध्यम है। अभिव्यक्ति की इसी परंपरा ने शोयिंका को विशिष्ट बनाया। यही वजह है कि नाइजीरिया में कालेज में पढ़ाई के दौरान शोयिंका ने भ्रष्टाचार विरोधी और न्यायप्रिय छात्रों का एक संगठन बनाया और जनसंघर्ष की राजनीति में कूद पड़े। 1954 में वे उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चले गए। लीड्स विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करते हुए शोयिंका ने यूरोपीय साहित्य का विशद् अध्ययन किया। इसी बीच उन्होंने दो महत्वपूर्ण नाटक लिखे, 'द स्वैम्प ड्वैलर्स' और 'द लायन एण्ड द ज्वैल'। दोनों ही नाटक लंदन में मंचित हुए और खासे मशहूर हुए। इन नाटकों में खुद शोयिंका नाटककार होने के साथ अभिनेता भी रहे।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# वर्तमान समाज में पैर पसारते कलयुग के अशुभ लक्षण

1. कुटुम्ब कम हुआ . 2 सम्बंध कम हुए 3. नींद कम हुई. 4. बाल कम हुए 5. प्रेम कम हुआ 6. कपड़े कम हुए 7. शिष्टाचार कम हुआ 8 लाज-लज्जा कम हुई 09 मर्यादा कम हुई 10. बच्चे कम हुए 11. घर में खाना कम हुआ 12. पुस्तक वाचन कम हुआ 13. भाई-भाई प्रेम कम हुआ 15. चलना कम हुआ 16. खानपान की शुद्धता कम हुई 17. खुराक कम हुई 18. घी-मक्खन कम हुआ 19. तांबे - पीतल के बर्तन कम हुए 20. सुख-चैन कम हुआ 21. अतिथि कम हुए 22. सत्य कम हुआ 23. सभ्यता कम हुई 24. मेल-मिलाप कम हुआ 25. समर्पण कम हुआ 26.बड़ों का सम्मान कम हुआ।और भी बहुत कुछ कम हुआ जिससे जीवन सहज था,सरल था।

**संतान को दोष न दें**

बालक या बालिका को 'इंग्लिश मीडियम' में पढ़ाया... 'अंग्रेजी' बोलना सिखाया। 'बर्थ डे' और 'मैरिज एनिवर्सरी' जैसे जीवन के 'शुभ प्रसंगों' को 'अंग्रेजी कल्चर' के अनुसार जीने को ही 'श्रेष्ठ' माना। माता-पिता को 'ममी' और 'डैड' कहना सिखाया।



जब 'अंग्रेजी कल्चर' से परिपूर्ण बालक या बालिका बड़ा होकर, आपको 'समय' नहीं देता, आपकी 'भावनाओं' को नहीं समझता, आप को 'तुच्छ' मानकर 'जुबान लड़ाता' है और आप को बच्चों में कोई 'संस्कार' नजर नहीं आता है, तब घर के वातावरण को 'गमगीन किए बिना'... या...'संतान को दोष दिए बिना'...कहीं 'एकान्त' में जाकर 'रो लें'... क्योंकि... पुत्र या पुत्री की पहली वर्षगांठ से ही, 'भारतीय संस्कारों' के बजाय,मंदिर जाने की जगह, 'केक' कैसे काटा जाता है सिखाने वाले आप ही हैं... 'हवन कुण्ड में आहुति' कैसे दी जाए... 'मंत्र, आरती, हवन, पूजा-पाठ, आदर-सत्कार के संस्कार देने के बदले'... केवल 'फर्राटेदार अंग्रेजी' बोलने को ही, अपनी 'शान' समझने वाले भी शायद आप ही हैं... बच्चा जब पहली बार घर से बाहर निकला तो उसे 'प्रणाम-आशीर्वाद' के बदले 'बाय-बाय' कहना सिखाने वाले आप... परीक्षा देने जाते समय 'इष्टदेव/बड़ों के पैर छूने' के बदले कह कर परीक्षा भवन तक छोड़ने वाले आप... बालक या बालिका के 'सफल' होने पर, घर में परिवार के साथ बैठ कर 'खुशियाँ' मनाने के बदले... 'होटल में पार्टी मनाने' की 'प्रथा' को बढ़ावा देने वाले आप... बालक या बालिका के विवाह के पश्चात्... 'कुल देवता / देव दर्शन' को भेजने से पहले... 'हनीमून' के लिए' फॉरेन/ टूरिस्ट स्पॉट' भेजने की तैयारी करने वाले आप... ऐसी ही ढेर सारी 'अंग्रेजी कल्चर्स' को हमने जाने-अनजाने 'स्वीकार' कर लिया है... अब तो बड़े-बुजुर्गों और श्रेष्ठों के 'पैर छूने' में भी 'शर्म' आती है... **गलती किसकी** मात्र आपकी माँबाप की

अपनी समृद्ध संस्कृति को त्यागकर नैतिक मूल्यों,मानवीय संवेदनाओं से रहित अन्य सभ्यताओं की जीवनशैली अपनाकर हमनें क्या पाया? अवैध संबंध? टूटते परिवार? व्यसनयुक्त तन? थकेहारे मन? छलभरे रिश्ते? अभद्र,अनुशासनहीन संतानें? असुरक्षित समाज? भयावह भविष्य? एक बार विचार अवश्य कीजिएगा कि संस्कारवान पीढ़ी क्यों आवश्यक है?



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार



हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए आप ध्यान रखें कि आप क्या सोचते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बारिश की बूंदों का अद्भुत सफ़र

क्या आपने कभी सोचा है कि बारिश की बूंदें कहां से आती हैं और कहां जाती हैं? आइए एक बारिश की बूंद के रोमांचक सफ़र पर नज़र डालें!

## यह कैसे शुरू होती है

हर बारिश की बूंद आसमान से शुरू होती है। झीलों, नदियों और महासागरों का पानी भाप में बदल जाता है और बादलों का निर्माण करने के लिए ऊपर उठता है। जब बादल भारी हो जाते हैं, तो पानी बारिश के रूप में धरती पर वापस गिरता है।

## यह कहां जाता है

एक बार जब बारिश की बूंद गिरती है, तो यह कई जगहों पर जा सकती है। यह पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जमीन में समा सकती है, या यह किसी नदी में बहने वाली धारा में मिल सकती है। कुछ बारिश की बूंदें समुद्र में वापस भी जाती हैं।

## बारिश क्यों जरूरी है

बारिश पौधों, जानवरों और लोगों को पानी देती है। बारिश के बिना, हमारे पास पीने या भोजन उगाने के लिए ताज़ा पानी नहीं होगा।

## बारिश के बारे में मज़ेदार तथ्य

- बारिश जल चक्र में हज़ारों मील की यात्रा कर सकती है।
- कुछ बारिश की बूंदें तरल पानी के बजाय बर्फ़ या ओलों के रूप में गिरती हैं
- बारिश की गंध को पेट्रीकोर कहा जाता है, जिसे 1960 के दशक में दो ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने गढ़ा था।




# बंदर और मगरमच्छ



एक बार की बात है, एक चतुर बंदर था जो नदी के किनारे एक पेड़ पर रहता था। एक दिन, एक मगरमच्छ तैरकर बंदर के पास आया और उसका अभिवादन किया। वे दोस्त बन गए और हर दिन बातें करने लगे।

मगरमच्छ की एक पत्नी थी जिसे मीठे फल बहुत पसंद थे। मगरमच्छ अपनी पत्नी को खुश करना चाहता था, इसलिए उसने बंदर से पेड़ से कुछ फल मांगे। बंदर ने खुशी-खुशी उसे हर दिन स्वादिष्ट फल दिए।

एक दिन, मगरमच्छ की पत्नी ने बंदर का दिल मांगा, यह मानते हुए कि यह सभी फलों में सबसे मीठा होगा। मगरमच्छ हैरान और दुखी था क्योंकि वह जानता था कि इसका मतलब अपने दोस्त को धोखा देना है। उसने बंदर को अपनी पत्नी के अनुरोध के बारे में बताया।

बुद्धिमान बंदर को मगरमच्छ की योजना का एहसास हुआ और उसने कहा, 'मैंने अपना दिल उस पेड़ पर छोड़ दिया है जहां मैं रहता हूं। अगर तुम इसे चाहते हो, तो हमें वहां वापस जाना चाहिए।'

मगरमच्छ सहमत हो गया, और वे वापस पेड़ पर तैर गए। जैसे ही वे किनारे पर पहुँचे, बंदर जल्दी से पेड़ पर चढ़ गया। वहां से, उसने मगरमच्छ को उनकी दोस्ती को धोखा देने के लिए डांटा और फिर कभी मगरमच्छ के पास नहीं लौटा।

कहानी का नैतिकः सच्ची दोस्ती विश्वास और ईमानदारी पर आधारित होती है। दोस्तों के साथ भी समझदारी और सावधानी बरतना ज़रूरी है।

# चाँदनी रातों में



चाँदनी रातों में, जब चाँद निकलता है,
सितारों के संग, वो खेलता है।

आसमान की ऊँचाइयों से,
वो देखता है, सारे दुनिया को।

गिरती हैं तारे, देते हैं सलाम,
बच्चों के दिलों को छूती हैं ये आवाज़।

चाँदनी रातों में, चाँद बन जाता है,
सपनों के साथ, सब कुछ समेटता है।

चिंदी चिंदी बातें, खुशियों की बरसातें,
हर बच्चा माँगता है, ये खास सा उपहार।

चाँदनी रातों में, जब सब सोने जाते हैं,
चाँद और सितारे, बच्चों के साथ खेलते हैं।

गीत गाते हैं, कहानियाँ सुनाते हैं,
हर बच्चा सपने में, उड़ता हैं जैसे बादल।

चाँदनी रातों में, बच्चों के सपने हैं,
चाँद की कहानियों में, वो हर रोज़ खो जाते हैं।

# टिनी टिम और रोमांचित जादुई जंगल

एक बार की बात है, हरी पहाड़ियों और जगमगाती नदी के बीच बसे एक छोटे से गांव में, टिनी टिम नाम का एक जिज्ञासु छोटा लड़का रहता था। टिम कोई साधारण लड़का नहीं था; उसकी कल्पनाशीलता बहुत तेज थी और उसका दिल साहस से भरा था। हर दिन, वह बड़े-बड़े रोमांच पर जाने का सपना देखता था।

एक धूप भरी सुबह, जब टिम गांव के किनारे घूम रहा था, तो वह घने जंगल की ओर जाने वाले एक पुराने, भूले-बिसरे रास्ते पर ठोकर खा गया। पेड़ ऊंचे और राजसी थे, उनकी पत्तियां हवा को रहस्य बता रही थीं। टिम की आंखें उत्साह से चमक उठीं। उसने हमेशा जादुई जंगल की कहानियाँ सुनी थीं, एक ऐसी जगह जहां कुछ भी हो सकता है।

बिना कुछ सोचे-समझे, टिम उस रास्ते पर चल पड़ा। जैसे-जैसे वह जंगल में आगे बढ़ा, गांव की आवाज़ें फीकी पड़ने लगीं, उनकी जगह पक्षियों की चहचहाहट और पत्तियों की सरसराहट ने ले ली। हवा में ताज़ी और मिट्टी की महक थी, और छतरी से छनकर आती धूप की किरणें जंगल के फर्श पर नाचती हुई आकृतियां बना रही थीं।

थोड़ी देर बाद, टिम को एक अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला। एक छोटे से समाशोधन के बीच में एक बहुत बड़ा पेड़ खड़ा था जिसके तने में एक दरवाज़ा बना हुआ था। हमेशा की तरह उत्सुक, टिम पेड़ के पास गया और धीरे से दरवाजा खोला। उसे आश्चर्य हुआ, पेड़ के अंदर का हिस्सा खोखला था और उसमें झिलमिलाती रोशनी थी।

स्वागत है, टिनी टिम, एक कोमल आवाज़ ने कहा।

टिम ने चारों ओर देखा और एक छोटी परी को अपने सामने फड़फड़ाते देखा। उसके नाजुक पंख हीरे की तरह चमक रहे थे और एक मुस्कान थी जिसने टिम को अंदर से गर्म महसूस कराया।

मेरा नाम स्पार्कल है,' परी ने अपना परिचय दिया। मैं तुम्हारा इंतज़ार कर रही थी। मैजिक फ़ॉरेस्ट को तुम्हारी मदद की ज़रूरत है।

टिम का दिल उत्साह से धड़क रहा था। मैं मदद के लिए क्या कर सकता हूं? उसने उत्सुकता से पूछा।

'मैजिक फॉरेस्ट अपना जादू खो रहा है, स्पार्कल ने समझाया। 'इस जंगल को जीवन देने वाला जादुई क्रिस्टल ग्रम्बल नामक एक शरारती भूत द्वारा ले लिया गया है। क्रिस्टल के बिना, जंगल सूख जाएगा।'

टिम ने दृढ़ता से सिर हिलाया। 'मैं क्रिस्टल वापस लाऊंगा!'



स्पार्कल ने टिम को एक छोटा, चमकता हुआ नक्शा दिया। 'यह तुम्हें ग्रंबल की मांद तक ले जाएगा। सावधान रहना, टिनी टिम। ग्रंबल चालाक है, लेकिन याद रखना, तुम्हारा दिल बहादुर और दिमाग चतुर है।'

टिम ने घुमावदार रास्तों, कल कल करती धाराओं और काई से ढकी चट्टानों के बीच से नक्शे का अनुसरण किया। आखिरकार, वह एक अंधेरी गुफा में पहुंच गया, जो ग्रंबल की मांद का प्रवेश द्वार था। अपनी पूरी हिम्मत जुटाकर, टिम अंदर चला गया। गुफा में चमकती हुई फफूंदों की हल्की रोशनी थी, और दूर के छोर पर, टिम ने ग्रंबल को एनचांटेड क्रिस्टल की रखवाली करते देखा। भूत छोटा लेकिन भयंकर दिखने वाला था, जिसके तीखे दांत और शरारती मुस्कान थी।

टिम ने गहरी सांस ली और ग्रंबल के पास गया। 'ग्रंबल, मुझे एनचांटेड क्रिस्टल को वापस मैजिक फॉरेस्ट में ले जाना है।'

ग्रंबल बुरी तरह हंसा। 'और मैं इसे तुम्हें क्यों दूं?'

जल्दी से सोचते हुए, टिम को अपनी मां की कही हुई एक बात याद आईः दयालुता सबसे कठोर दिलों को भी बदल सकती है। 'क्योंकि जंगल को जीवित रहने के लिए इसकी ज़रूरत है,' टिम ने धीरे से कहा। 'और मुझे लगता है कि तुम उतने बुरे नहीं हो जितना तुम दिखते हो। तुम जंगल को बचाने में भी मदद कर सकते हो।'

ग्रम्बल की मुस्कान फीकी पड़ गई, और वह विचारशील लग रहा था। 'इससे पहले किसी ने मुझसे इस तरह बात नहीं की,' उसने बुदबुदाया। एक पल के बाद, उसने आह भरी और क्रिस्टल टिम को सौंप दिया। 'इसे ले लो। शायद मैं परेशानी पैदा करने से बेहतर मौज-मस्ती करने का कोई तरीका खोज सकूं।'

टिम मुस्कुराया और ग्रम्बल को धन्यवाद दिया। क्रिस्टल को हाथ में लेकर, वह जल्दी से मैजिक फॉरेस्ट में वापस चला गया। जैसे ही उसने क्रिस्टल को उसके सही स्थान पर रखा, जंगल जीवंत रंगों और जादुई जीवों से जीवंत हो उठा।

स्पार्कल प्रकट हुई, उसकी आंखें खुशी से चमक रही थीं। 'तुमने कर दिखाया, टिनी टिम! तुमने मैजिक फॉरेस्ट को बचा लिया!'

टिम गर्व से मुस्कुराया। 'मैं दयालुता में विश्वास किए बिना ऐसा नहीं कर सकता था।'

उस दिन से, टिनी टिम गांव का हीरो बन गया, जो अपने बहादुर दिल और दयालु भावना के लिए जाना जाता था। और जादुई जंगल आश्चर्य और रोमांच का स्थान बना रहा, एक छोटे लड़के की बदौलत जो दयालुता के जादू में विश्वास करता था।

और इस तरह, टिम और जादुई जंगल हमेशा खुशी से रहने लगे।

निलम रामअवध

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। कर पाएंगे।

**वृष:** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**मिथुन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कर्क:** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**कन्या:** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**तुला:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**धनु:** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभ:** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा।

**मीन:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा।

# लक्ष्मी योग हथेली पर बनने वाला एक विशेष योग है

ऐसा तब होता है जब हथेली का कई योग एक साथ मिलता है होता है। जो धन देवी लक्ष्मी का प्रतीक है। यह योग कई रूपों में बन सकता है।

**त्रिभुज योगः**

हथेली के बुध पर्वत (छोटी उंगली के नीचे का भाग) पर त्रिभुज का निर्माण लक्ष्मी योग का संकेत देता है। माना जाता है कि ऐसे योग हो तो जातक के एक से अधिक मकान बन सकते हैं।

**कमल योगः**

हथेली के केंद्र में कमल के फूल जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

शंख योगः


हथेली के शुक्र पर्वत (अंगूठे के नीचे का भाग) पर शंख जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का संकेत हो सकता है।

**अंगूठे का विशेष चिह्नः**

अगर अंगूठे के नाखून के नीचे त्रिकोण या रेखा का चिह्न हो तो यह भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

**कैसे बदल सकती है किस्मत ?**

जिनके हाथ में त्रिभुज योग, कमल योग, शंख योग आदि एक साथ होते हैं तो उसे लक्ष्मी योग माना जाता है। ऐसे व्यक्तियों के जीवन में धन, समृद्धि, और ऐश्वर्य प्राप्त होता है।



मान्याताओं के अनुसार ऐसे व्यक्ति को बहुत कम मेहनत में ही अधिक धन की आमदनी होती है। लक्ष्मी योग से युक्त व्यक्ति भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेता है और जीवन में उच्च पद प्राप्त करता है।

इन व्यक्तियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी प्रचुर मात्रा में होती है।



प्रियंका जैन
9769994439

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लक्ष्मी योग का प्रभाव व्यक्ति की जन्मकुंडली और अन्य हस्तरेखा चिन्ह पर भी निर्भर करता है।

अगर आपके हाथ में लक्ष्मी योग है तो यह आपके लिए शुभ संकेत।

खबर संक्षेप

## स्मृति ईरानी पर टिप्पणियों से राहुल नाखुश

**अमेठी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही टिप्पणी पर नाखुशी जाहिर की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं। मैं सभी से अपील करता हूं की स्मृति ईरानी के खिलाफ किसी भी तरह की अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें।किसी को बेइज्जत और शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी है ताकतवर होने की नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसा न करें। बता दें कि भाजपा नेता स्मृति ईरानी मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल में मंत्री रह चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में राहुल गांधी को हराने के बाद उनका कद काफी बढ़ गया था। हालांकि, 2024 के चुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के करीबी किशोरी लाल शर्मा के सामने उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। नई सरकार में उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह भी नहीं मिली। पूर्व केंद्रीय मंत्री को अपना सरकारी आवास खाली करना पड़ा है जिसके बाद से वह सोशल मीडिया पर लगातार निशाने पर हैं। इसे लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर टिप्पणी की है।

## करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत



**पलामू।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के बलिबिगहा गांव में करंट की चपेट में आने से मां- बेटे की मौत हो गयी। घटना गुरूवार की रात 9:30 की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार बलिबिगहा गांव के ओमप्रकाश कुमार की पत्नी 21 वर्षीय किरण कुमारी घर में पंखा चलाकर सोयी हुई थी। इसी क्रम में नंगा तार होने के कारण वह करंट के चपेट में आ गयी। मां को तड़पता देख उसका तीन वर्षीय पुत्र आदर्श भी मां के पास चला गया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गयी।परिजनों ने आनन-फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भरती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा। पुलिस दोनो शव को अपने कब्जे में ले लिया था। लेकिन गांव के लोगों के आग्रह पर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। गांव में शोक का लहर है। दो दिन पूर्व भी थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में बिजली की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो चुकी है।

# वाराणसी के 'लंका कांड' की जांच करेगी सपा की टीम

### दो सांसदों, दो विधायकों वाली 13 सदस्यीय समिति आज जाएगी काशी

एजेंसी | वाराणसी

वाराणसी में हुए 'लंका कांड' की जांच के लिए समाजवादी पार्टी ने सांसदों-विधायकों और पदाधिकारियों की टीम बनाई है। यह टीम वाराणसी जाकर पूरे मामले की जांच करेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस टीम में दो सांसदों और दो विधायकों (एमएलसी) के अलावा वाराणसी के जिला और महानगर अध्यक्ष के साथ ही महिला प्रदेश अध्यक्ष समेत 13 पदाधिकारियों को रखा है। समाजवादी पार्टी की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 13 जुलाई 2024 को वाराणसी जाएगा। सपा की टीम शोकाकुल परिवार से मिलने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में देगा। सपा की टीम में वीरेन्द्र सिंह सांसद लोकसभा क्षेत्र चन्दौली, छोटेलाल खरवार सांसद लोकसभा क्षेत्र सोनभद्र, मिठाई लाल भारती, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, लाल बिहारी यादव एमएलसी, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, जिलाध्यक्ष वाराणसी सुजीत यादव लक्कड, महानगर अध्यक्ष दिलीप डे के अलावा पूनम सोनकर, सत्य प्रकाश सोनकर, डा० संजय सोनकर, अमित सोनकर, वरूण सिंह को रखा गया है।



### क्या है लंका कांड ?

वाराणसी में लंका थाना क्षेत्र के नगवा में गंगोत्री विहार कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय विशाल सोनकर रविदास पार्क के पास फल का ठेला लगाता था। बुधवार की सुबह एक छात्रा साइकिल से कहीं जा रही थी। आरोप है कि विशाल ने छात्रा पर अभद्र टिप्पणी कर दी। इस पर छात्रा सड़क के दूसरी छोर पर रुक गई और विशाल को कुछ बोलने लगी। विशाल लड़की के पास गया और दोनों में कहासुनी तेज हुई तो आसपास के लोग जुट गए। इस दौरान लंका इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्र, एक दारोगा और अन्य दो पुलिसकर्मियों के साथ सिविल ड्रेस में रविदास पार्क में टहलकर लौट रहे थे। कहासुनी होते देख रुक गये। छात्रा ने इस्पेक्टर से विशाल पर कई दिनों से परेशान करने का आरोप लगाया। तभी इंस्पेक्टर के साथ चल रहे एक पुलिसकर्मी ने विशाल को थप्पड़ मार दिया। पुलिस के सामने ही छात्रा ने भी विशाल की पिटाई शुरू कर दी। इसके कुछ देर बाद विशाल ने गंगा में कूद कर जान दे दी। युवक के पिता शारदा प्रसाद सोनकर समेत परिजन पहुंचे। पुलिस और छात्रा के थप्पड़ जड़ने से क्षुब्ध होकर जान देने की बात कही। शव के साथ लंका थाने पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना के बाद दारोगा लक्ष्मीकांत मिश्र, सिपाही रंगपाल को लाइनहाजिर कर दिया गया है। कार्यवाहक डीसीपी काशी जोन सूर्यकांत त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

### अजय राय भी युवक के पिता से मिले, बोले प्रदेश में जंगलराज

जान देने वाले विशाल सोनकर के पिता शारदा प्रसाद सोनकर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को भेंट की। उनके साथ सपा के नेता भी थे। परिवार के प्रति संवेदना जताने के साथ उन्होंने सरकार से दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह घटना बताती है कि प्रदेश में जंगलराज इस तरह व्याप्त हो चुका है कि पुलिस प्रशासन भी अब मानवता खोता जा रहा है।

### युवक के पिता की कुंडली खंगालने लगी पुलिस

जान देने वाले युवक विशाल के मामले में चौतरफा घिर रही पुलिस अब उसके पिता शारदा प्रसाद की कुंडली खंगालने लगी है। उसके पिता होमगार्ड हैं। वह अक्सर लंका थाने पर ड्यूटी देते हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि थाने के मुंशी उसके पिता से पूर्व परिचित हैं। इसीलिए विशाल के आचरण को लेकर उसके पिता से कई बार शिकायत की थी। इसी क्रम में युवक के होमगार्ड पिता शारदा प्रसाद के आपराधिक इतिहास की जानकारी निकाली गई है। लंका पुलिस के मुताबिक इसी थाने में उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट में तीन केस दर्ज हैं। चंदौली पुलिस से भी इसके बारे में जानकारी ली जा रही है। बता दें कि पिता शारदा प्रसाद मूल रूप से चंदौली के अलीनगर के परोरवा गांव के हैं। 30 साल से नगवां नाले के समीप मकान बनवा कर रहते हैं।

शाहजहांपुर में बाढ़ का कहर

## 10 हजार लोगों ने खाली किए घर, सड़कों पर चल रही नाव

एजेंसी | शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में गर्रा नदी की बाढ़ से हालात भयावह हो गए हैं। शहर की तरफ आने वाले अधिकतर मार्गों पर बाढ़ का पानी भर गया। लखनऊ-दिल्ली हाईव पर शुक्रवार सुबह पांच फीट तक पानी बह रहा था, जिससे दूसरे दिन भी यातायात ठप रहा। आवागमन बंद होने से लोगों को दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। इधर, बाढ़ की चपेट में आने से शहर के कई मोहल्ले प्रभावित हो रहे हैं। घरों में बाढ़ का पानी है। लोगों ने छतों पर रात गुजारी। जिला प्रशासन की टीमें नावों से रेस्क्यू कर रही हैं। शहर की आवास विकास कॉलोनी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। कई घरों में चार से पांच फीट तक पानी भर गया। यहां के करीब 10 हजार लोगों ने मकान खाली किए हैं। इन लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।



### उफान पर बह रही गर्रा नदी

गर्रा नदी की बाढ़ से घिरे हजारों लोगों के सब्र का बांध शुक्रवार सुबह टूट गया। घर का जरूरी सामान लेकर लोगों ने मकान छोड़ दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली, नाव से लोग सुरक्षित स्थान पहुंचे। करीब 10 हजार लोगों ने पलायन किया है। अधिकतर लोगों ने शहर में शरण ली है। बाढ़ में फंसे लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बुधवार रात से गर्रा नदी का पानी राजकीय मेडिकल कॉलेज, आवास विकास कॉलोनी, नवादा इंदेपुर आदि कॉलोनियों में पहुंचना शुरू हो गया था।

## चीन का है ठगों का सरदार

### 15 फीसदी कमीशन पर कराता है ठगी

एजेंसी | प्रयागराज

पूर्व सीएमओ डॉ. आलोक वर्मा से 1.26 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में साइबर पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुख्य आरोपी शबीना, उसका पति पटेल सुहेल मोहम्मद और भाई अमीरद्दीन को रिमांड पर लिया। इन्होंने बताया है कि इनका सरदार चीन का है। इनके ताइवान और दुबई में ऑफिस हैं, जहां ये भारतीयों को बारह से पंद्रह फीसदी कमीशन पर रखते हैं। इसके बाद इनको ट्रेनिंग दी जाती है। ठगी करने के गुर से लेकर पैसों को दुबई और ताइवान में ट्रांसफर करने के हुनर सिखाए जाते हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पिछले कई साल से वह ठगी के पैसों का वारा-न्यारा कर रहे हैं। शुरुआत के दिनों में उनको चालू खाते खुलवाने का टास्क दिया गया था। कहा गया था कि मेट्रो या महानगर के शहरों में खाते होने चाहिए। इसके बाद वह लोग ऐसे बैंककर्मी की तलाश में जुट गए, जो खाते खुलवाने का काम करते हैं। इनके संपर्क में आने के बाद उन लोगों ने सूरत, अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली और मध्य प्रदेश के कई शहर में चालू खाते खुलवाएं और फिर ठगी की रकम को इसमें ट्रांसफर किया जाने लगा। पुलिस की जांच में सूरत के खातों का लिंक मिला है। पुलिस अब इन सभी बैंक खातों का सत्यापन करने में जुट गई है।



### पुलिस ने दागे कई सवाल

साइबर पुलिस आरोपियों से हर पहलुओं पर पूछताछ कर रही है। पूछा कि उनके साथ और कितने लोग शामिल है? किन-किन शहरों में जाल फैला है? आका से संपर्क कैसे होता है? कितने बार विदेश यात्रा की है? ठगी के पैसों को कहां खर्च किया जाता है? इन तमाम सवालों के जवाब पूछे गए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी और गिरफ्तारी हो सकती है। बता दें कि पुलिस ने बीते छह जुलाई को शबीना, पटेल सुहेल मोहम्मद और अमीरद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि शबीना ने एक-एक दिन में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन होता था। वह करोड़ों रुपये बिटक्वाइन में निवेश कर पैसों को दुबई अपने आका के पास भेज चुकी है।

## अमन साहू गैंग के 3 शूटर गिरफ्तार

एजेंसी | रांची

झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग के खिलाफ एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने बड़ी कार्रवाई की है। जेल में बंद अमन साहू गिरोह के 3 शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एटीएस ने कहा है कि जेल से ही अमन साहू बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। सूचना मिलने पर एटीएस की टीम एक्शन में आई। शुक्रवार (12 जुलाई) को उसने राजधानी रांची और उससे सटे जिले रामगढ़ एवं पतरातू में छापेमारी करके गिरोह के 3 शूटर को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस ने कहा है कि अमन साहू जेल में बंद है। वह जेल से ही अपराध की घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रचता रहता है। उसने एक बड़ी साजिश रची थी, लेकिन एटीएस ने उसकी योजना पर पानी फेर दिया है। अमन साहू को उस वक्त बड़ा झटका लगा था, जब बृहस्पतिवार (11 जुलाई) की देर रात उसके एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया था। शूटर का पीछा करते हुए रांची की पुलिस गुमला पहुंची थी। वहां एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे अमन गिरोह के गुर्गे को गुमला पुलिस की मदद से रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। रात में उससे वहीं पर पूछताछ की गई। अब आज एटीएस ने उसके 3 शूटर को धर दबोचा है।

## हेमंत सोरेन ने 1500 पीजीटी शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र

एजेंसी | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार (12 जुलाई) को प्रभात तारा मैदान में 1500 पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के बाद वहां मौजूद भीड़ को संबोधित किया। कहा कि यह पहला मौका नहीं है, जब हमने नियुक्ति पत्र दिया है। इसके पहले भी हमने नियुक्ति पत्र का वितरण किया है। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। हमने अब तक 20 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र दिए हैं। कुल मिलाकर 60 हजार से अधिक नौजवानों को हमने नियुक्ति पत्र दिए हैं। कहा कि हमने सरकार ठीक से संभाला भी नहीं था कि वैश्विक महामारी कोरोना ने हमें जकड़ लिया। पूरी दुनिया रुक सी गई थी। विपरीत परिस्थितियों में भी हमने हार नहीं मानी। रात-दिन सजग रहे। झारखंड के सीएम ने कहा कि कोरोना समाप्ति की ओर था, तो हमारे विरोधियों ने अपनी हरकतें शुरू कर दीं। अलग-अलग संस्थाओं की मदद से षड्यंत्र रचने लगे। हमें काम करने से रोकने की कोशिश की, लेकिन हम रुके नहीं। चलते रहे। चलते रहे। हमें तो अपनी मंजिल तक पहुंचना था। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे विरोधी सुनियोजित तरीके से घात लगाकर षड्यंत्र रचते हैं। हम झारखंड के लोग इनके षड्यंत्र को कभी-कभी समझ नहीं पाते। इसका नतीजा हुआ कि मुझे 5 महीने जेल में रहना पड़ा।

# व्यापार जगत

## पीएफ खाते में बढ़ा ब्याज आना शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े सदस्यों के खाते में अगले एक से दो सप्ताह में वित्तीय वर्ष 2023-24 का ब्याज जारी कर दिया जाएगा। वित्त मंत्रालय से पीएफ पर 8.25 प्रतिशत की सालाना ब्याज दर को मंजूरी मिलने के बाद ब्याज को खाते में जोड़ने का काम शुरू हो गया है।

ईपीएफओ की तरफ से जानकारी दी गई है कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में 10 फरवरी को ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया था लेकिन उसे वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिलनी बाकी थी। अब मंत्रालय से हरी झंडी मिलने के बाद ईपीएफओ ने ईपीएफ खातों में ब्याज दर को जोड़ने का काम शुरू कर दिया है। ईपीएफ से जुड़े ऐसे सदस्य जिन्होंने बीते वित्तीय वर्ष में अंतिम रूप से सेटलमेंट (भुगतान) के लिए दावा किया है उन्हें भी जमा धनराशि पर निर्धारित अवधि के हिसाब से 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर से भुगतान किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ऐसे दावों की संख्या 23 लाख से अधिक है।




### ऐसे अंशदानका पता लगाएं

- ईपीएफओ के सदस्य अपना अंशदान और ब्याज के बाद खाते की कुल धनराशि का स्टेटमेंट जानने के लिए पोर्टर और ऐप का इस्तेमाल कर सकता है। सदस्य ईपीएफओ के ई-सेवा पोर्टल पर यूएएन नंबर और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करके अपनी पासबुक डाउनलोड कर सकते हैं।
- उमंग ऐप के ईपीएफ सेक्शन में जाकर भी यूएएन नंबर और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी डालकर पासबुक देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त गूगल प्ले स्टोर से भी ईपीएफओ का एकीकृत ऐप डाउनलोड करके भी अपनी पासबुक को देख सकते हैं।
- ईपीएफओ के रिकॉर्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल कर भी अपने पीएफ खाते का बैलेंस देख सकते हैं। इसके लिए आप ईपीएफओ के अधिकृत मोबाइल नंबर 9966044425 नंबर पर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से मिस कॉल दें। कुछ देर में आपको मैसेज के जरिए बैलेंस की जानकारी मिलेगी।

## आईटी शेयरों की खरीद से बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर

एजेंसी | मुंबई



दिग्गज कंपनी टीसीएस के बेहतरीन नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। सेंसेक्स 622 अंक उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 186.20 अंक बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था।

## यात्री वाहनों की रिकॉर्ड तिमाही थोक बिक्री

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में एसयूवी और अन्य बड़ी गाड़ियों की मजबूत मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 10 लाख का आंकड़ा पार कर गई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 10,26,006 इकाई रही, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में 9,96,565 इकाई थी। पहली तिमाही में यूटिलिटी वाहनों (क्रेटा, स्कार्पियो, अर्टिगा आदि) की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 6,45,794 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 5,47,194 इकाई थी। वैन की थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 38,919 इकाई हो गई जो पिछले साल समान अवधि में 35,648 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में यात्री कारों की बिक्री पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 17 प्रतिशत घटकर 3,41,293 इकाई रह गई। पिछले साल समान अवधि में यह 4,13,723 इकाई रही थी।

## चीन का निर्यात जून में 8.6 प्रतिशत बढ़ा, आयात घटा

एजेंसी | हांगकांग



चीन का निर्यात जून में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत बढ़कर 307.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अनुमानित 7.4 से आठ प्रतिशत से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, आयात में जून में गिरावट दर्ज की गई। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 208.8 अरब डॉलर रहा। चीन के जून माह में मजबूत निर्यात से उसका व्यापार अधिशेष बढ़कर 99 अरब डॉलर हो गया, जो मई में 82.6 अरब डॉलर था। अमेरिका और यूरोप के साथ व्यापार तनाव के बीच निर्यात में यह वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका और यूरोप ने चीन में निर्मित इलेक्ट्रिक कारों पर शुल्क बढ़ा दिया है।

## डॉलर के मुकाबले रुपए में एक पैसे की तेजी

एजेंसी | मुंबई



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया एक पैसे की मजबूती के साथ 83.52 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार की तेजी से रुपये को मिले समर्थन को कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत ने प्रभावित किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के ताजा सर्वकालिक ऊंचाई को छूने से रुपए में मजबूती आई। डॉलर के कमजोर होने से भी रुपए को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.53 पर खुला लेकिन कारोबार के दौरान यह 83.49 के उच्च स्तर और 83.55 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की मजबूती के साथ 83.52 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## ई-नीलामी नियम आसान बनाएगी कोल इंडिया

एजेंसी | नई दिल्ली



कोल इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के उपाए किए हैं। इसके तहत बयाना राशि को कम करना और पेशकश में कोयला की मात्रा बढ़ाने जैसे कदम शामिल हैं। कोल इंडिया नीलामी और आवंटन पद्धति में भी बदलाव करने की योजना बना रही है, जिसका मकसद भागीदारी को बढ़ावा देना है। कंपनी ने कहा, कोल इंडिया ने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के लिए बयाना राशि जमा को कम करने और नीलामी के तहत पेश की जाने वाली मात्रा को बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं।

# जेम्स एंडरसन की जीत के साथ शाही विदाई

- 704 विकेट एंडरसन ने 21 साल के अपने शानदार टेस्ट विकेट में चटकाए
- 3 बार दस विकेट इस तेज गेंदबाज ने टेस्ट मैच में झटके
- 13 सौ 53 रन भी टेस्ट में एंडरसन ने एक अर्धशतक की मदद से बनाए हैं
- 1226 विकेट टेस्ट क्रिकेट में चटकाए हैं इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने



### दिया गॉर्ड ऑफ ऑनर

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने एंडरसन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। प्रशंसकों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मैदान में आकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स पर लिखा, एक महान व्यक्ति के लिए सम्मान। अलविदा जेम्स एंडरसन और धन्यवाद।

एजेंसी | लंदन

इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट इतिहास के अपने सबसे सफल गेंदबाज जेम्स एंडरसन को शाही जीत के साथ विदाई दी। 41 वर्षीय तेज गेंदबाज एंडरसन ने अपने अंतिम मैच की दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर टीम को वेस्टइंडीज पर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड ने दो मैचों की सीरीज का पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से धो डाला। एंडरसन के संन्यास के साथ ही इंग्लैंड क्रिकेट में एक युग का अंत हो गया। अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एंडरसन की स्विंग कभी नहीं दिखेगी। वनडे और टी-20 को वह पहले ही अलविदा कह चुके हैं।

### विंडीज 136 पर ढेर



पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गई। उसने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 79 रन से आगे से की। टीम इस समय इंग्लैंड से 171 रन पीछे थी। एंडरसन ने जोशुआ को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। उन्हें एक और सफलता मिल जाती लेकिन उन्होंने गुडाकेश मोती (नाबाद 31) का कैच खुद ही टपका दिया।

### एलेक के बाद एटकिंसन

गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। दोनों पारियों में जिम्बाब्वे को कोई भी बल्लेबाज 40 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा। उसकी ओर से 31 रन सर्वोच्च स्कोर रहा जो मोती ने दूसरी पारी में बनाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे।

### सात सौ विकेट लेने वाले अकेले पेसर

एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 या उससे अधिक विकेट लेने वाले दुनिया के इकलौते पेसर जबकि कुल तीसरे गेंदबाज हैं। दूसरे नंबर पर उनके साथ स्टुअर्ट ब्रॉड (604) हैं। एंडरसन से अधिक विकेट श्रीलंकाई स्पिन मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न (708) ने ही चटकाए हैं।

### 30 साल के बाद 400 विकेट लेने वाले इकलौते

30 की उम्र में 400 विकेट लेने वाले एंडरसन दुनिया के एकमात्र गेंदबाज हैं। इस दौरान उन्होंने 117 मैच में कुल 436 विकेट लिए। श्रीलंका के रंगना हेराथ ने 81 मैच में 398 और मुरलीधरन ने 60 मैच में 388 विकेट झटके थे।

> इस सप्ताह गेंदबाजी के बाद मुझे ऐसा लग रहा था कि जैसे मैं 55 साल का हो गया हूं। इंग्लैंड के लिए खेलना दुनिया का सबसे अच्छा काम है। मुझे लंबे समय तक ऐसा करने का सौभाग्य मिला। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे कुछ अद्भुत खिलाड़ियों, कुछ प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के साथ खेलने का मौका मिला। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने जीवन भर के लिए कुछ बहुत अच्छे दोस्त बनाए हैं। -जेम्स एंडरसन

### लॉडर्स में आगाज और अंत भी

30 जुलाई को अपना 42वां जन्मदिन मनाने जा रहे एंडरसन ने 21 साल पहले क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉड्र्स स्टेडियम में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अपना विदाई मैच भी उन्होंने उसी मैदान पर खेला। उन्होंने जिम्बाब्वे के मार्क वर्म्यूलेन को अपना पहला शिकार बनाया था। पहले ही मैच में उन्होंने पारी में पांच विकेट चटकाए थे। वहीं वेस्टइंडीज के जोशुआ डिसिल्वा के रूप में उन्होंने अपना 704वां और अंतिम विकेट लिया।

# जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी युवा ब्रिगेड

- भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा और पांचवां टी-20 आज
- पांच मैच की सीरीज में 2-1 से आगे है शुभमान गिल की टीम

### नंबर गेम

- 133 सर्वाधिक रन गायकवाड़ ने 66 .50 की औसत से बनाए हैं सीरीज में
- 6 सर्वाधिक विकेट सुंदर ने झटके हैं। आवेश और रवि ने भी इतने ही विकेट लिए हैं

एजेंसी | हरारे

भारतीय युवा ब्रिगेड जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज मुट्ठी में करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। शुभमान गिल की टीम और जिम्बाब्वे के बीच चौथा मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से आगे है। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच जीता है।

### जडेजा की जगह पर सुंदर की निगाह

मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी। हालांकि इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी-20 क्रिकेट से जडेजा के संन्यास के बाद सुंदर की निगाह स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है।



### अभिषेक भी पुख्ता कर रहे दावा

अभिषेक ने दूसरे टी-20 में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की। भारत के पास अब इस प्रारूप में कोहली और रोहित नहीं हैं लिहाजा वह यशस्वी के साथ पारी की शुरुआत का विकल्प हो सकते हैं। वह एक और अच्छी पारी खेलकर अपना दावा पक्का करना चाहेंगे। हालांकि पारी की शुरुआत फिर यशस्वी के साथ गिल ही करेंगे। अभिषेक नंबर तीन पर तो गायकवाड़ चौथे पर उतरेंगे। गिल ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं।

### संजू-दुबे से उम्मीद

संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस सीरीज में बहुत कुछ दांव पर है। टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुंबई में विजय परेड में भाग लेकर यहां आए दुबे और सैमसन बाकी दोनों मैचों में उम्दा प्रदर्शन करना चाहेंगे। संजू ने पिछले मैच में 12 रन की नाबाद पारी खेली थी। वहीं दुबे को अभी बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला है। यह दोनों बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 11 |
| भारत जीता : | 8 |
| जिम्बाब्वे जीता : | 3 |

### गुगली पर बल्लेबाजों को नचा रहे रवि

भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा। उनकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। उन्होंने 5.08 की इकोनॉमी से छह विकेट चटकाए हैं। उनके अलावा आवेश और सुंदर ने भी छह-छह विकेट झटके हैं।

### रजा भी कर रहे निराश

रजा वहीं, पहला मैच जीतने के अलावा जिम्बाब्वे ने इस सीरीज में कुछ उल्लेखनीय नहीं किया है। उसके तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और अर्धशतक जमाने वाले डियोन मायर्स के अलावा कोई खिलाड़ी छाप नहीं छोड़ सका है। कप्तान सिंकदर रजा ने गेंद से तो थोड़ा दम दिखाया पर बल्ले से नाकाम रहे हैं।

## मुंबई के मैदानों से

### एक्कीस जुलाई से पुणे घुड़दौड़ सत्र

दोपहर संवाददाता | मुंबई

रिमझिम बारिश के बीच आयोजित होने वाले पुणे घुड़दौड़ सत्र 2024 की रविवार, 21 जुलाई से शुरूआत हो रही है। 20 दिनों सत्र के विजेताओं के लिए कुल 11 करोड़ रुपये की ईनामी राशि रखी गई है। सत्र के दौरान दो ग्रेड 1 की तथा एक ग्रेड 2 और तीन ग्रेड तीन की दौड़ें आयोजित की जाएंगी। रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब के तत्वावधान में इस सत्र में कुल 688 घोड़े, जिनमें 187 दो वर्षीय घोड़े शामिल हैं, हिस्सा लेने वाले हैं। सत्र में 45 ए लाईसेंसधारी और 11 बी लाईसेंसधारी घुड़सवार और तथा 45 ए लाईसेंसधारी प्रशिक्षक और 14 बी लाईसेंसधारी प्रशिक्षक अपने-अपने घोड़ों के साथ ट्रैक पर उतरने वाले हैं।

### मुंबई कारगिल सोल्जरॉथन का आयोजन


दोपहर संवाददाता | मुंबई

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रविवार, 28 जुलाई को मुंबई कारगिल सोल्जरॉथन का आयोजन किया जाने वाला है। यह आयोजन फिटिस्तान-एक फिट भारत और मुंबई गोवा एंड गुजरात एरिया के मुख्यालय के सौजन्य से कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि के तौर पर आयोजित है। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध कुल 527 सैनिकों ने देश के अपने प्राणों की आहुति दी थी।

मुंबई कारगिल सोल्जरॉथन के विषय में बात करते हुए मेजर सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि मुंबई कारगिल सोल्जरॉथन कुलाबा स्थित सैनिक परिसर में चारो तरफ फैली हरियाली के बीच आयोजन होगा। मुंबई कारगिल सोल्जरॉथन 5 किमी ट्रिब्युट रन और 10 किमी वर्गों में होना निश्चित हुआ है।




# अक्षय कुमार को हुआ कोरोना



बॉलीवुड गलियारों में भी अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की खबरें छाई हुई हैं। वे आज यानी 12 जुलाई को एक-दूजे के हो जाएंगे। फिल्मी दुनिया के कई सितारों को अंबानी परिवार ने शादी का न्योता दिया है। अक्षय कुमार भी शादी में शामिल होने वाले थे, लेकिन अब खबर है कि वह कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। लिहाजा अब अभिनेता अनंत-राधिका की शादी में अपनी मौजूदगी दर्ज नहीं करा पाएंगे। उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

### अक्षय ने किया खुद को आइसोलेट

सूत्र ने बताया, अक्षय अपनी हालिया रिलीज 'सरफिरा' का प्रचार कर रहे थे, तब उन्हें तबीयत खराब महसूस हुई। उनकी प्रमोशन टीम के कुछ सदस्यों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्होंने टेस्ट कराने का फैसला किया। शुक्रवार सुबह अक्षय की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई, जिसके बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर दिया। फिलहाल वह क्वारंटाइन में हैं। उधर सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

# सोनाक्षी को मजेदार लगी थी 'काकूदा' की कहानी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बीते कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। उनकी शादी की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। अब एक बार फिर से वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हो गई हैं।



हाल में ही उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म 'काकूदा' पर बातचीत की। उनकी यह हालिया रिलीज फिल्म जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि वह विभिन्न जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं और वह ऐसी भूमिकाएं नहीं करेंगी, जिनमें उन्हें गाने और कुछ दृश्य ही मिले।

एक हालिया इंटरव्यू के दौरान, जब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या मुख्यधारा की फिल्मों में कम काम करना कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है। अभिनेत्री ने कहा, 'ये तो अच्छा है ना। मैं बड़ी भूमिकाएं और महत्वपूर्ण भूमिकाएं ही करना चाहूंगी। अकीरा (2016), जिसमें मैं मुख्य किरदार में थी, यह मेरे लिए खून चखने जैसा था। मैं कभी भी एक फिल्म में दो गाने और चार सीन करने के दौर में वापस नहीं जाना चाहती। मैं इस दौर का आनंद ले रही हूं। ये चलता रहना चाहिए।

# 'इंडियन 2' को देखकर निराश हुए दर्शक



कमल हासन की नई फिल्म 'इंडियन 2' रिलीज हो गई है। कमल के प्रशंसकों को 28 साल बाद उन्हें सेनापति के किरदार में देखने का मौका मिला है। पहले दिन कमल हासन के कई फैंस ने 'इंडियन 2' देखी और सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा की, जो अधिकतर इसी ओर इशारा कर रही है कि फिल्म में कुछ कमी रह गई है।

अक्सर देखा जाता है कि जब भी कोई बड़ी फिल्म रिलीज होती है तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं और चूंकि 'इंडियन 2' भी एक बड़ी फिल्म है तो जाहिर है कि यूजर्स अपनी बात रखने से कैसे पीछे रह जाते। दर्शकों ने 'इंडियन 2' देखते ही धड़ाधड़ एक्स पर अपनी ओर से समीक्षा लिखनी शुरू कर दी।

### औसत दर्जे की फिल्म

एक यूजर ने 'इंडियन 2' को एक औसत दर्जे की फिल्म बताते हुए लिखा कि शुरुआती 30 मिनट बेहद खराब थे। एक दूसरे यूजर ने फिल्म में 'भावनात्मक जुड़ाव' की कमी महसूस की और 'इंडियन 2' को निर्देशक शंकर का टिपिकल टेम्पलेट करार दिया। तीसरे यूजर ने साफ-साफ शब्दों में 'इंडियन 2' को निराशाजनक बताते हुए लिखा कि इसकी कहानी खराब है। हालांकि यूजर ने कैमरा वर्क की तारीफ की, लेकिन मेकअप और एडिटिंग को भी खराब बता दिया। एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'इंडियन 2' एक पुरानी और उबाऊ किस्म की फिल्म है।

# प्राइम वीडियो पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बना 'मिर्जापुर 3'

## सीजन 4 पर लगी पक्की मुहर


'मिर्जापुर सीजन 3' पांच जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई। वहीं, अली फजल और पंकज त्रिपाठी अभिनीत इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है। यह अपने लॉन्च सप्ताहांत में स्ट्रीमिंग सेवा के लिए भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया है। तीसरे सीजन में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु जैसे कई कलाकार अपनी भूमिकाओं को दोहरा रहे हैं। सीरीज की लोकप्रियता से साबित होता है कि यह दर्शकों को कितनी पसंद आ रही है। इतना ही नहीं इसके चौथे भाग पर भी मुहर लग गया है।



'मिर्जापुर सीजन 3' अमेजन प्राइम वीडियो का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया है। इंस्टाग्राम पर, स्ट्रीमर के आधिकारिक अकाउंट ने घोषणा की, 'रिकॉर्ड तोड़ना तो अपना यूएसपी है। मिर्जापुर सीजन 3 आधिकारिक तौर पर लॉन्च सप्ताहांत पर भारत में प्राइम वीडियो पर अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो है। प्राइम पर इसे अभी देखें।' मिर्जापुर के तीसरे सीजन को लॉन्च सप्ताहांत में 180 से अधिक देशों और भारत के 98 प्रतिशत पिन कोड पर दर्शकों ने देखा। क्राइम ड्रामा ने लॉन्च सप्ताहांत में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया भर के 85 से अधिक देशों में शीर्ष 10 ट्रेंडिंग सूची में जगह बनाई। तीसरे सीजन ने पिछले सीजन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 'मिर्जापुर सीजन 3' का निर्देशन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है।

# आमिर खान की '3 इडियट्स' को द एकेडमी से मिली तारीफ

'थ्री इडियट्स' फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाली फिल्मों में से एक है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने सफलता की नई कहानी लिखी थी। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शक आज भी बड़े चाव से देखना पसंद करते हैं। अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। अब इस फिल्म के एक दृश्य को द एकेडमी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है।



### द एकेडमी ने साझा किया फिल्म का एक सीन

'थ्री इडियट्स' राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। इसे अब द एकेडमी के तरफ से भी पहचान मिली है। गुरुवार को द एकेडमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने आमिर खान, शरमन जोशी और आर माधवन अभिनीत इस फिल्म से जुड़ी एक क्लिप साझा की है। इस सीन में फिल्म के तीनों मुख्य किरदार परीक्षा हॉल में आधे घंटे की देरी से आते हैं और देर तक परीक्षा लिखते रहते हैं, जिसके बाद निरीक्षक पेपर लेने से मना कर देता है, लेकिन यहां आमिर का किरदार अपने दोस्तों के पेपर को सैकड़ो अन्य उत्तर वाले पेपर्स में मिला कर भाग जाता है। इस क्लिप को साझा करते हुए द एकेडमी के द्वारा कैप्शन में लिखा गया है,' रैंचो ने अपनी बुद्धिमता का यहां सौ प्रतिशत उपयोग किया है।'

न्यूज़ ब्रीफ

### जो करेगा जात की बात, कसकर मारूंगा लात : गडकरी

**पणजी।** देश में जातिवाद को लेकर सियासत होती रही है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जातिगत राजनीति पर तीखा बयान दिया। गडकरी ने गोवा के एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की पॉलिटिक्स हो रही है। मैं जात-पात को नहीं मानता। जो करेगा जात की बात, उसको कसकर मारूंगा लात। उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 40% मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही कहा है, मैं RSS वाला हूं, हाफ चड्डी वाला हूं। किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना ना पड़े। जो वोट देगा, मैं उसका काम करूंगा और जो नहीं देगा, मैं उसका भी काम करूंगा। महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा का कार्यकाल इस साल 26 नवंबर को खत्म हो जाएगा। अक्टूबर-नवंबर में महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होने हैं।

### नशा तस्करी में यातायात पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशा तस्करी का गिरोह चलाने वाले दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिपाही मनीष के पास से एक करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की गई है। आरोपी लग्जरी कार से एक किलो एमडीएमए ड्रग्स की खेप लेने के लिए आए थे। इसकी सूचना स्पेशल सेल को मिल गई। सेल की टीम ने आरोपी को दो दिन की रिमांड पर लिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सिपाही लंबे समय से यह धंधा कर रहा था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीमा पर घुसपैठ के बिंदुओं को चिन्हित करने की मुहिम

**नई दिल्ली।** विदेशी आतंकियों की जम्मू-कश्मीर में मौजूदगी और ताजा हमलों के बीच सीमा पर सुरक्षा बल घुसपैठ-रोधी तंत्र की समीक्षा और घुसपैठ के बिंदुओं को चिन्हित कर रहे हैं। सुरक्षा बलों के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है कि घुसपैठ रोकने के तमाम प्रयास के बावजूद आख़िर सीमा पार से आतंकी कैसे आ रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि सीमा पर विशेष तलाशी अभियान और सुरक्षा ऑडिट के दौरान बीएसएफ़ को अपने निगरानी तंत्र में जम्मू इलाके में पाकिस्तान सीमा पर कोई घुसपैठ, नया निर्माण या कोई अवांछित गतिविधि नहीं दिखी। सूत्रों ने कहा कि सीमा पर ऐसे बिंदुओं को चिन्हित करने का प्रयास हो रहा है जहां से आतंकी सीमा के अंदर घुसने में सफल हो सकते हैं। इस साल जम्मू में कम से कम पांच आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें आठ सुरक्षाकर्मी और 10 नागरिक मारे गए हैं।

### राष्ट्रपति द्रैपदी मुर्मु ने IPS ए कोआन का निलंबन किया रद्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईपीएस अधिकारी ए कोआन का निलंबन रद्द कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें गोवा में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में अगस्त 2023 में निलंबित कर दिया था। अब राष्ट्रपति की ओर से निलंबन हटा लिया गया है। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तत्काल प्रभाव से इनका स्थानांतरण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कर दिया है। बता दें कि ए कोआन एजीएमयूटी कैडर के 2009 बैच के आईपीएस हैं।

केस दर्ज हुए 5906 और गिरफ्तारी सिर्फ 513, **ED** के पिक एंड चूज पॉलिसी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# जमानत के बाद भी जेल में रहेंगे केजरीवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, ''हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं।'' पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं लेकिन यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गिरफ्तार करने की शक्ति का प्रयोग करते समय उन सामग्रियों को नजरअंदाज नहीं कर सकता जो आरोपी को दोषमुक्त करती हैं।

### 21 मार्च को गिरफ्तारी

केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। गिरफ्तारी और कस्टडी को केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई हुई। केजरीवाल को ED के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिली है। उनके खिलाफ दूसरा मामला CBI का है। जिसमें उनकी न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ गई है, इसलिए वे जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे।



### AAP ने कहा - कोर्ट ने भाजपा सरकार को सबक सिखाया

केजरीवाल को जमानत मिलने के फैसले के आते ही आम आदमी पार्टी ने कहा- उम्मीद है जल्द ही केजरीवाल को CBI मामले में भी जमानत मिल जाएगी। सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत से यह साबित होता है कि आबकारी नीति केस उनके खिलाफ भाजपा की साजिश है। हर अदालत ने केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की साजिश को उजागर किया है।

### हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को सही ठहराया था

केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद जांच एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 9 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल की याचिका पर ED से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताते हुए कहा था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं था, क्योंकि केजरीवाल कई समन भेजे जाने के बाद भी पूछताछ के लिए ED ऑफिस नहीं आए। इसके बाद ED के पास उन्हें गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

अमेरिकी कंपनी सितंबर-अक्टूबर से GE-404 इंजन की करेगी सप्लाई

# 15 अगस्त तक मिलेगा वायुसेना को पहला तेजस मार्क 1A

एजेंसी | नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) भारतीय वायु सेना को पहला LCA मार्क-1A फाइटर जेट (तेजस) 15 अगस्त तक डिलीवर कर देगी। सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन में दिक्कतों और GE-404 इंजन की सप्लाई में देरी के कारण इसमें रुकावट आ रही थी। अब अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी GE की तरफ से कन्फर्मेशन दे दिया है, जिसके बाद इंजन की सप्लाई सितंबर-अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। इससे पहले फरवरी-मार्च में डिलीवरी होनी थी। एचएएल इंजन की डिलीवरी में तेजी लाने और मंथली सप्लाई रेट को बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है।

### पीएम मोदी की मौजूदगी में हो सकती है तेजस की इंडक्शन सेरेमनी



वायुसेना के अधिकारियों के मुताबिक तेजस की इंडक्शन सेरेमनी के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया जा सकता है। दरअसल एलसीए मार्क 1A प्रोजेक्ट की शुरुआत पीएम मोदी के कार्यकाल के दौरान ही हुई थी। इसके लिए HAL को 83 जेट के लिए 48 हजार करोड़ रुपए का ऑर्डर पहले ही मिल चुका है। 2024 के आखिर तक 97 और फाइटर जेट के लिए 65 हजार करोड़ रुपए का ऑर्डर मिलने की संभावना है।

### 2025 तक हर साल 24 फाइटर एयरक्राफ्ट बनाने का लक्ष्य

इससे पहले HAL को 8,802 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट के तहत 40 तेजस एमके-1 का ऑर्डर मिला था। इसमें से 32 सिंगल-सीट LCA फाइटर्स और दो डबल सीट ट्रेनर की डिलीवरी हो गई है। 6 डबल सीट ट्रेनर की डिलीवरी बाकी है। कंपनी 2025 तक हर साल 24 विमान तैयार करने के लक्ष्य तक पहुंच सकती है।

# नेपाल में दो बस नदी में बही

## सात भारतीयों समेत 63 लापता

### नंबर गेम

- 03 ने तैरकर बचाई अपनी जान
- 12 महीनों में सड़क हादसों में नेपाल में 2400 की जान गई
- 88 लोगों की मौत अब तक जून में बाढ़, बारिश भूस्खलन से
- 11 लोग मारे गए गुरुवार को बाढ़-भूस्खलन से



### लापता भारतीयों की पहचान

लापता भारतीयों में छह की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। हादसे के शिकार सातवें भारतीय की शिनाख्त किया जाना अभी बाकी है। पीएम पुष्प कमल दहल ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर लोगों से ऐहतियात बरतने की भी अपील की है। विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से आए मलबे ने नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर यातायात बाधित कर दिया है।

एजेंसी | काठमांडू

नेपाल में शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। यहां भूस्खलन की चपेट में आने से दो बसें उफनती त्रिशूली नदी में जा समाईं। इसमें 66 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिसमें सात भारतीयों समेत 63 लोग लापता हैं, लापता लोगों की तलाश जारी थी। ये हादसा जितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर हुआ। अचानक हुए भूस्खलन से दो बसें इसकी चपेट में आकर त्रिशूली नदी में जा गिरी। बहाव तेज होने के कारण उसमें बह गई, सवारियों को बचने तक का मौका नहीं मिला। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई। एंजेल बस में 25 जबकि गणपति डिलक्स में 41 यात्री सवार थे। गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए।

### खोज-बचाव अभियान जारी

जिला अधिकारी खिमानंद भुसल ने बताया कि चितवन के मध्य जिले में हुई दुर्घटना में जीवित बचे लोगों की तलाश में दर्जनों खोज और बचाव कर्मी घटनास्थल पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। भुसल ने कहा वाहन और उसमें सवार यात्रियों का कोई सुराग नहीं मिला है। नदी का बहाव बहुत तेज होने के कारण दिक्कतें आ रही हैं।

### बचने की उम्मीद न के बराकर

तेज बारिश के कारण त्रिशूली का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है और बहाव भी तेज है। राहत व बचाव कार्यों में परेशानी आने के साथ-साथ बस या सवारियों की कोई निशानी नहीं मिली है। प्रशासन मान चुका है कि डूबे लोगों के बचने की उम्मीद न के बराबर है।

### बढ़ सकता है लापता लोगों का आंकड़ा

डीएम भुसल ने कहा कि बस जब गिरी तो उनके आसपास के वाहन या लोग भी बस की चपेट में आकर नदी में गिर सकते हैं। हम सवारियों के अलावा अन्य वाहनों के गिरने की भी आशंका जता रहे हैं।



### कमला हैरिस ने अचानक राहुल गांधी से की बात

**नई दिल्ली।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने गुरुवार को फोन पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बात की। हालांकि,



बातचीत के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। इस साल के अंत में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हैं। उससे पहले दोनों नेताओं के मध्य हुई इस बातचीत को बेहद अहम माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के हलकों में चर्चा है कि भारतीय और अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए मैदान में आ सकती हैं। अमेरिका में इस बात पर चर्चा हो रही है कि जो बाइडन को राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार होना चाहिए या नहीं। उधर, बाइडन ने एलान किया है कि वह दृढ़ संकल्पित हैं और फिर से चुनाव लड़ने और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी ट्रंप को हराने के लिए फिट भी हैं।

# भाजपा ने एससी-एसटी फंड के दुरुपयोग को लेकर कांग्रेस को घेरा

## चुनावी गारंटी पूरी करने के लिए फंड के इस्तेमाल का आरोप लगाया

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने कर्नाटक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आवंटित राशि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गारंटी वाली योजनाओं में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कहा कि यह संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है, क्योंकि एससी-एसटी के कल्याण के लिए आवंटित राशि किसी और काम में इस्तेमाल नहीं की जा सकती। मेघवाल ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में एससी-एसटी के लिए आवंटित की गई राशि में बड़े पैमाने पर हेरफेर की गई है। उन्होंने कहा कि 39,121 करोड़ रुपये जो एससी-एसटी के कल्याण की योजनाओं पर खर्च किए जाने थे, उसमें से 14730.53 करोड़ रुपये कांग्रेस की गारंटी वाली योजनाओं में लगा दिए गए। राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान यह गारंटियां दी थी। मेघवाल ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की।



### अनुसूचित जाति आयोग ने नोटिस भी जारी किया

मेघवाल ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग ने इस बारे में नोटिस भी जारी किया है। अगर कांग्रेस की सरकार के पास गारंटी को पूरा करने के लिए राशि नहीं थी तो उसे एससी-एसटी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए था। कांग्रेस को ऐसी लोक-लुभावन घोषणाओं का ऐलान करने से पहले राज्य का बजट भी देखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक तरफ तो हर जगह संविधान की किताब लेकर खड़े रहते हैं, लेकिन वह यह नहीं बता पाए कि इसमें कितने अध्याय और पेज हैं। उन्होंने कहा, संविधान की दुहाई देकर वे कर्नाटक में सत्ता में आए, लेकिन अब खुद ही संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं।

# 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' घोषित

- केंद्र सरकार का ऐलान, नोटिफिकेशन जारी
- 1975 में इसी दिन लगी थी इमरजेंसी




एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया है। शाह ने लिखा, '25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया।'

### पीएम ने इसे काला दौर बताया, कांग्रेस बोली- एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और भारत के संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था।' उधर, कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'यह नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है।

# पुरानी पेंशन की मांग पर रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन

एजेंसी | नई दिल्ली

पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने शुक्रवार को उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है, क्योंकि इसमें कोई भी सामाजिक सुरक्षा नहीं है। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन ने देश भर के रेलवे कार्यालयों में प्रदर्शन का आह्वान किया था। संगठन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि पिछले वर्ष से लगातार ही पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं। इनमें रेलवे, रक्षा, शिक्षक, पोस्टल, पूर्व अर्ध सैनिक बलों के कर्मचारी शामिल रहे। ये सभी नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी गारंटीड पेंशन योजना की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे



हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा रेलकर्मी एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में आए हैं, उनमें खासतौर पर नई पेंशन योजना के खिलाफ रोष है। सेवानिवृत्ति के बाद उनको जो पेंशन का प्रावधान किया जाता है, उससे परिवार का खर्च चलना तो दूर खुद उनका ही जीवन-यापन नहीं हो सकता है।

नई खोज | तेजपुर स्थित डिफेंस रिसर्च लैब ने तैयार की एंटी

# DRDO की चादर से पास नहीं फटकेंगे खटमल- मच्छर

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक ऐसी एंटी बग चादर तैयार की है जो कई बार बिस्तर पर आपकी नींद में खलल डालते हैं। अब आप चाहे घर में हों या किसी टैकिंग टूर पर, यह चादर बिस्तर में मौजूद खटमल समेत सभी प्रकार के कीड़ों और मच्छरों को दूर भगा देगी। डीआरडीओ की तेजपुर स्थित डिफेंस रिसर्च लैब (डीआरएल) ने वैसे तो यह चादर सेना के जवानों, अर्धसैनिक बलों आदि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की है जिन्हें विभिन्न अभियानों में दुर्गम स्थानों या जंगलों में ड्यूटी करनी पड़ती है। लेकिन यह चादर आम लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है। इस चादर का सर्वाधिक उपयोग सुरक्षा बलों के अलावा रेलवे और होटल उद्योग में होने की संभावना है। डीआरएल ने विगत 24 मई को तीन कंपनियों को इस चादर को बाजार में लाने के लिए तकनीक का हस्तांतरण कर दिया है। समझौते की शर्तों के अनुसार, छह महीने के भीतर इसे बाजार में उतार दिया जाएगा। बिस्तर में मौजूद कीड़ों के काटने से त्वचा में संक्रमण, खुजली, फफोले पड़ना, रक्तस्राव होने का खतरा रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ये कीड़े बिस्तर में ही छिपे रहते हैं तथा 70 दिनों तक बिना खाए-पिये भी जिंदा रह जाते हैं। इनमें मुख्य रूप से सिमेक्स लेक्ट्युलरियस तथा सिमेक्स हेमिप्टेरस प्रजाति के परजीवी होते हैं।



- सैन्य बलों, रेलवे, होटल उद्योग के लिए उपयोगी साबित होगी

### नंबर गेम

- 04 महीनों के भीतर बाजार में उपलब्ध होगी चादर
- 24 मई को डीआरडीओ ने कंपनियों को दी तकनीक

### तीन रसायनों का इस्तेमाल

डीआरडीओ के अनुसार, यह चादर पॉलिस्टर और कपास के धागों से तैयार की गई है। इसमें तीन कीटरोधी रसायनों पर्मेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन तथा अल्फा साइपरमेथ्रिन का भी मिश्रण है। पर्मेथ्रिन का खुजली रोधी दवाओं में इस्तेमाल होता है तथा सिर में होने वाली जूं मारने की दवा भी बनती है। डेल्टामेथ्रिन का प्रयोग ड्रग कोटेट मच्छरदानी बनाने में होता है। इस रसायन में मच्छर रोधी गुण हैं। वहीं, अल्फा साइपरमेथ्रिन कीटनाशक का इस्तेमाल कृषि कार्यों में होता है।

### 20 बार धोकर इस्तेमाल कर सकेंगे

डीआरएल का दावा है कि इस चादर के संपर्क में आने वाले सभी प्रकार के कीड़े या तो भाग जाएंगे या मर जाएंगे। परीक्षण में पाया गया कि बिस्तरों में पाए जाने वाले कीड़े चादर के संपर्क आने के 96 घंटों के बाद सौ फीसदी मृत पाए गए। डीआरडीओ का दावा है कि चादर 20 बार धोने तक असरदार रहती है।

# ईडी ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री को हिरासत में लिया

एजेंसी | बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में जांच के तहत शुक्रवार को पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस विधायक को पूछताछ के लिए उनके आवास से ईडी कार्यालय ले जाया गया। घोटाले के सिलसिले में खुद पर लगे आरोपों के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री नागेंद्र ने छह जून को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ईडी कार्यालय ले जाए जाने के दौरान नागेंद्र ने कहा कि मुझे मेरे घर से लाया जा रहा है, मुझे कुछ जानकारी नहीं है।

### चार राज्यों के 20 स्थानों पर छापा मारा



ईडी ने पिछले दो दिनों में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था। इसमें कर्नाटक के पूर्व मंत्री नागेंद्र और निगम के अध्यक्ष सत्तारूढ़ कांग्रेस विधायक बसनगौड़ा दद्दाल के परिसर भी शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में करीब 20 स्थानों पर छापेमारी की।

### निगम के लेखा अधीक्षक ने कर ली थी आत्महत्या

निगम से जुड़े अवैध धन हस्तांतरण का मामला तब सामने आया, जब इसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। उन्होंने एक नोट छोड़ा था, जिसमें निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का दावा किया गया। उसमें 88 .62 करोड़ रुपये अवैध रूप से विभिन्न खातों में स्थानांतरित किए गए। नोट में यह भी कहा गया कि मंत्री ने धन हस्तांतरण के लिए मौखिक आदेश जारी किए थे।